दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



शिक्षा की अलख जलाकर बना रही हैं स्वावलंबी....



एज के अकॉर्डिंग करें अपनी डाइट प्लानिंग....

वर्ष : 09 | अंक : 273 | लखनऊ, 06 सितम्बर, बुधवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 27.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 64,948.66

19,310.15

# कांग्रेस हमेशा तुष्टिकरण में डूबी रही

## भाजपा ने मध्य प्रदेश को बनाया बेमिसाल प्रदेश : अमित शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। मंडला में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा ने सर्वांगीण विकास के माध्यम से हर वर्ग को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान की है। मध्य प्रदेश में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। मंडला में अमित शाह ने 'जन आशीर्वाद यात्रा' का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अभी-अभी मंडला जिले को पूर्ण रूप से फंक्शनल साक्षर जिला घोषित किया गया है। इस आदिवासी बहुल इलाके में साक्षरता का जो अभियान शिवराज सिंह जी ने चलाया है, इसके लिए मैं इनका अभिनंदन करता हूं। शाह ने कहा कि आज मैं इस क्षेत्र में आया हूं, इस क्षेत्र में ज्यादातर मेरे आदिवासी भाई बहन रहते हैं। हम आपका आशीर्वाद मांगने आए हैं।




अमित शाह ने कहा कि इन 20 वर्षों में भाजपा के तीन मुख्यमंत्रियों, विशेषकर शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश को बेमिसाल प्रदेश बनाकर आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य बनाकर ये श्रीमान बंटाधार (कमलनाथ) छोड़कर गए थे। दिग्विजय सिंह की सरकार को याद करिए। भ्रष्टाचार, लूट-खसोट, गड्ढे से भरी सड़कें, पानी बगैर खेत, बिजली बगैर गरीब का घर था और महिला सुरक्षा का नामोनिशान नहीं था। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं एक आदिवासी सम्मेलन में हिस्सा लेने मध्य प्रदेश आया था, उस समय शिवराज सिंह जी ने एक साथ 17 घोषणाएं कीं। मैंने पूछा- शिवराज जी ये पूरी होंगी या नहीं? लेकिन आज सुबह जब मैंने इनसे बात की तो पता चला कि सारी की सारी घोषणाएं जो की गई थीं, वो सब मात्र 2 वर्ष में ही पूरी हो गई हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल, जंगल, जमीन के साथ सुरक्षा, सम्मान और समावेशी विकास को जोड़कर आदिवासी कल्याण के लिए काम किया। भाजपा के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आदिवासी मंत्रालय बनाया। ढट मोदी ने मात्रा के दोष कारण छूटी हुई 23 जाति को फिर से आदिवासी सूची में जोड़ा और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजाति गौरव दिवस मनाकर पूरे देश में आदिवासियों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि मैं मध्य प्रदेश के पूरे आदिवासी समाज से कहने आया हूं कि जब केंद्र में वढअ और प्रदेश में कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार थी तब तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने एक बयान दिया कि देश की तिजोरी पर सबसे पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। हमेशा से कांग्रेस अल्पसंख्यक तुष्टिकरण में डूबी रही।

## 13 करोड़ ग्रामीण घरों में नल के द्वारा जल की सुविधा प्राप्त कराई गयी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मंगलवार को कहा कि देश में अब तक लगभग 68 प्रतिशत या 13 करोड़ ग्रामीण घरों में नल के जरिये पानी उपलब्ध कराया जा चुका है। जल जीवन मिशन के तहत सरकार का लक्ष्य अगले साल तक सभी ग्रामीण घरों में पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराना है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 19.23 करोड़ घर हैं और ग्रामीण भारत में नल से जल उपलब्ध कराने की कवरेज वर्तमान में 67.64 प्रतिशत है। शेखावत ने कहा कि देश में अब तक 13 करोड़ घरों को पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराया जा चुका है।

शेखावत ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 13 करोड़ हर घर जल - एक जल क्रांति जिसकी पहले कभी कल्पना नहीं की गई थी। हर भारतीय की प्यास बुझाने के हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दृष्टिकोण ने 13 करोड़ घरों को नल से स्वच्छ जल तक



पहुंच सुनिश्चित की है। हमारी हर घर जल योजना के माध्यम से कुल 13 करोड़ परिवारों को नल के जरिये स्वास्थ्य और खुशहाली का उपहार दिया गया है। हालांकि, आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि राजस्थान, झारखंड, पश्चिम बंगाल और लक्षद्वीप में अब भी पानी के कनेक्शन का कवरेज 50 प्रतिशत से कम है। आंकड़ों से पता चलता है कि नौ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों - गोवा, अंडमान और निकोबार, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव, हरियाणा, तेलंगाना, पुडुचेरी, गुजरात, पंजाब और हिमाचल प्रदेश ने 100 प्रतिशत कवरेज हासिल कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सिर काटने पर 10 करोड़ का इनाम देने वाले संत को उदयनिधि स्टालिन का जवाब, कहा- मैं अपने बयान पर कायम हूं

अयोध्या के एक संत परमहंस आचार्य ने एक वीडियो जारी किया जिसमें वह एक हाथ में पोस्टर और दूसरे हाथ में तलवार पकड़े हुए हैं और उदयनिधि स्टालिन का प्रतीकात्मक सिर काटने का मंचन कर रहे हैं। 'सनातन धर्म' पर अपनी टिप्पणी को लेकर आलोचना झेल रहे तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने अयोध्या के एक हिंदू संत को आड़े हाथ लिया, जिन्होंने 'उनके सिर के लिए' 10 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा की थी।

### उदयनिधि ने अपना सिर काटने पर 10 करोड़ का इनाम देने वाले संत को दिया जवाब

अयोध्या के एक संत परमहंस आचार्य ने एक वीडियो जारी किया जिसमें उन्हें एक हाथ में उदयनिधि का पोस्टर और दूसरे हाथ में तलवार पकड़े हुए और डीएमके मंत्री का प्रतीकात्मक सिर काटने का मंचन करते हुए दिखाया गया है। उन्हें पोस्टर में आग लगाते हुए भी देखा गया। साधु ने डीएमके नेता का सिर कलम करने वाले को 10 करोड़ रुपये का इनाम देने की घोषणा की।

### संत परमहंस आचार्य को कहा डुप्लिकेट

वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए, उदयनिधि ने कहा, आज एक स्वामी (द्रष्टा) ने मेरे सिर के लिए 10 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जो कोई भी उदयनिधि का सिर काटेगा उसे 10 करोड़ रुपये मिलेंगे। क्या वह असली संत हैं या डुप्लिकेट आपको मेरा सर इतना सिर पसंद क्यों है? आप इतने पैसे कहां से ला रहे हैं? आप मेरे बालों में कंघी करने के लिए 10 करोड़ रुपये की घोषणा क्यों कर रहे हैं? अगर आप मुझे 10 रुपये की कंघी देंगे तो मैं यह काम खुद ही कर लूंगा।'हालाँकि, द्रमुक मंत्री सनातन धर्म पर अपने बयान पर कायम रहे और कहा कि उन्होंने हिंदू समुदाय को निशाना नहीं बनाया।

### सनातन पर दिए बयान पर कायम है उदयनिधि

उन्होंने संवाददाताओं से कहा मैं बार-बार उस मुद्दे पर बात करूंगा जो मैंने शनिवार को कार्यक्रम में बोला था। मैं और भी बोलूंगा। मैंने उस दिन ही कहा था कि मैं उस मुद्दे पर बात करने जा रहा हूं जो कई लोगों को परेशान करने वाला है और वही हुआ है। उन्होंने दावा किया, सनातन धर्म का मतलब यह था कि यह स्थायी है और इसे बदला नहीं जा सकता। उदयनिधि ने कहा महिलाएं घर के अंदर ही सीमित थीं लेकिन वे बाहर आ गई हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को शिक्षा नहीं मिल सकती है, केवल द्रविड़म (द्रमुक की विचारधारा) ने उन्हें शिक्षा दी है। यहां तक कि नाश्ता योजना (तमिलनाडु में) यह सुनिश्चित करने के लिए है कि अधिक बच्चे, विशेषकर लड़कियां, शिक्षा प्राप्त करें।

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की तुलना धोनी से करना इस महान क्रिकेटर का अपमान : सुरजेवाला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

भोपाल। कांग्रेस महासचिव और मध्य प्रदेश के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की तुलना महान क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी से करने को इस महान खिलाड़ी का अपमान बताया। भाजपा नेता सिंह ने एक दिन पहले नीमच में एक समारोह में कहा था, शिवराज सिंह चौहान राजनीति के धोनी हैं। यह अतिशयोक्ति नहीं होगी। शुरूआत कैसी भी हों लेकिन अच्छा फिनिश देकर वह मैदान जीतना जानते हैं।

शिवराज ने लोगों की सेवा की है, इसलिए उन्हें जनता का विश्वास प्राप्त होता है। उनके इस बयान के बारे में मंगलवार को पूछे जाने पर सुरजेवाला ने यहां प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संवाददाताओं से कहा, इससे बड़ा अपमान हमारे क्रिकेटर का शायद किसी ने नहीं किया। वह (शिवराज सिंह चौहान) एक ऐसे फिसड्डी खिलाड़ी हैं, जिन्हें ट्रायल में भी कोई मौका नहीं देगा। वह बल्ला पकड़कर हिट विकेट करते हैं। वह हिट विकेट खिलाड़ी हैं।

# संसद के विशेष सत्र पर कांग्रेस की हुई बड़ी बैठक

## देश के प्रति पारदर्शी और जिम्मेदार नहीं है सरकार : गौरव गोगोई

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस ने 18 सितंबर से शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र से पहले मंगलवार को संसदीय रणनीति समूह की बैठक की। बैठक कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) अध्यक्ष सोनिया गांधी के आवास पर शुरू हुई। बैठक में शामिल होने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, अधीर रंजन चौधरी समेत अन्य प्रमुख 10 जनपथ पहुंचे। बैठक के बाद कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने बताया कि आज सोनिया गांधी की अध्यक्षता और कांग्रेस अध्यक्ष



मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में हमारी संसदीय रणनीतिक समिति की बैठक हुई। जिसमें हमने उन अहम मुद्दों पर चर्चा की जिनका सामना आज देश कर रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, मणिपुर और हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदा पर चर्चा हुई।

कांग्रेस सांसद ने बताया कि 18 सितंबर से संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है लेकिन बीजेपी ही नहीं बता पा रही है कि सत्र का एजेंडा क्या है। यह सरकार देश के प्रति पारदर्शी और जिम्मेदार नहीं है। हमारा सिद्धांत है कि देश के महत्वपूर्ण मुद्दों पर सदन में चर्चा होनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी इन मुद्दों पर चर्चा और सुझाव देने के लिए तैयार है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि जब कभी विशेष सत्र बुलाया जाता है तो इसके विषय की जानकारी सभी पार्टियों को दी जाती है। एक एजेंडा तय किया जाता है। हम पहली बार देख रहे हैं कि पीएम मोदी और उनके सहयोगियों ने भारत बैठक से ध्यान हटाने के लिए 5 दिवसीय विशेष सत्र की घोषणा की।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस सत्र के दौरान कौन-कौन से मामले उठाए जाएंगे, इसकी हमें कोई जानकारी नहीं है... आज कांग्रेस पार्टी ने फैसला किया है कि हम इस विशेष सत्र में हिस्सा लेंगे, लेकिन चर्चा जनता के मुद्दों पर होनी चाहिए। जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के बीच सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक मामलों पर चर्चा हुई है और INDIA गठबंधन नेताओं से भी होगी। हम चाहते हैं कि विशेष सत्र में आर्थिक, राजनीतिक मुद्दों के साथ विदेश नीति और सीमाओं से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हो। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि विशेष सत्र में सरकार विपक्ष को साथ लेकर चलेगी। आज की बैठक के बाद हम मुद्दे चुनेंगे और मांग करेंगे कि सदन में खुलकर चर्चा हो।

# सरकार का अधिक खर्चा हुआ, कम मिलेगा राशन...

## डीलरों ने चन्द्रयान - 3 के नाम पर कर दी जनता के साथ धोखाधड़ी, उड़ा लिया गरीबों का राशन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, झारखंड के चतरा जिल में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड के डीलरों ने आम जनता के साथ चंद्रयान के नाम पर ऐसी चाल चली की भोली जनता डीलरों के झूठ की चपेट में आ गई। चंद्रयान 3 मिशन को चंद्रमा की सतह पर पहुंचाने के मिशन में खर्च का हवाला देते हुए डीलरों ने लाभान्वितों को धोखा दिया। डीलरों ने लाभान्वितों को मिलने वाले राशन में से पांच से 10 किलो अनाज काट लिया।



इस मामले का खुलासा होने के बाद स्थानीय लोगों में काफी गुस्सा है। लाभान्वितों ने बताया कि कई डीलरों ने चंद्रयान 3 के नाम पर उनके साथ धोखाधड़ी की है। डीलरों ने भोली भाली जनता को लूटते हुए उन्हें कहा कि चंद्रयान मिशन में सरकार का काफी खर्चा हुआ है। ऐसे में अनाज में कुछ कटौती की जा रही है।

इस संबंध में तीन सितंबर को सुदूरवर्ती गांव हांहे, लुपुंगा, गोटिया आदि गांव के लाभान्वितों ने एसडीओ सुधीर कुमार दास को शिकायत की है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि सभी कार्डों से उन्हें सिर्फ पांच किलो अनाज ही मिला है। आम जनता ने डीलरों द्वारा की गई इस धोखाधड़ी के खिलाफ शिकायत की है और मामले में डीलर के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की है।

### पंचायत प्रतिनिधि का भी आया बयान

इस संबंध में पीरी पंचायत के मुखिया उमेश राम ने भी अपना बयान दिया है। उन्होंने कहा कि डीलरों ने पूरे पंचायत में ही अनाज की कटौती की है। डीलरों के इस कृत्य पर लाभान्वितों में काफी रोष है। डीलरों के खिलाफ लोगों ने काफी गुस्सा देखने को मिल रहा है।

### आंदोलन की चेतावनी जारी

इस संबंध में भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह ने चेतावनी दी है कि वो जल्द ही आंदोलन करेंगे। दरअसल चंद्रयान 3 के नाम पर लाभान्वितों के अनाज में कटौती किए जाने के बाद से ही लोगों में गुस्सा लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर इस मामले में अधिकारी जल्द ही नहीं बोलेंगे तो जनता को इंसाफ दिलाने के लिए सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा।

## अभिनेता-निर्देशक जॉय मैथ्यू त्रिशूर में सड़क दुर्घटना में मामूली रूप से घायल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

त्रिशूर (केरल)। मलयाली अभिनेता और निर्देशक जॉय मैथ्यू सोमवार रात केरल के त्रिशूर जिले में एक व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई एक कार दुर्घटना में घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना मंडलमकुन्नु में चावक्कड़-पोन्नानी राजमार्ग पर हुई जब एक पिकअप वैन से मैथ्यू की कार टकरा गई। इस टक्कर में मैथ्यू और वैन के चालक को हल्की चोटें आई हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, मैथ्यू का चालक कार चला रहा था। मैथ्यू को नाक पर हल्की चोट आई है जबकि वैन के चालक को पैर में चोट आई है। उन्होंने बताया कि दोनों की हालत स्थिर है। टक्कर के बाद पिक-अप वैन का चालक वाहन में फंस गया था जिसे अग्निशमन विभाग ने स्थानीय लोगों की मदद से निकाला। पुरस्कृत अभिनेता हाल ही में केरल में वामपंथी सरकार के खिलाफ अपने आलोचनात्मक रुख और टिप्पणियों के चलते चर्चा में था।

## सिंधिया का कांग्रेस पर निशाना, बोले- मोहब्बत की दुकान में सिर्फ नफरत का सामान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ 'जन माफी यात्रा' वाली टिप्पणी को लेकर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर निशाना साधते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस की 'मोहब्बत की दुकान' में केवल 'नफरत वाली चीजें' हैं। सिंधिया ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, चाहे कांग्रेस या कमलनाथ जी कितनी भी गारंटी या 'यात्रा' निकाल लें, उनकी 'मोहब्बत की दुकान' में केवल 'नफरत का सामान' है। उन्होंने आगे कहा, चाहे कोई भी गारंटी या 'यात्रा' हो, यह शुरू होने से पहले ही खत्म हो जाएगी।

### चुनावी जंग

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश की पिछली कांग्रेस सरकार पर कटाक्ष करते हुए उस पर पूर्व



मुख्यमंत्री कमल नाथ के कार्यकाल के दौरान 'भ्रष्टाचार' करने का आरोप लगाया। शाह ने मध्य प्रदेश के मंडला में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा, इस भ्रष्टाचार नाथ ने 51 से अधिक गरीब कल्याण योजनाएं बंद कर दीं...सीएमओ धन संग्रह कार्यालय बन गया। कांग्रेस कार्य समिति 'भ्रष्टाचार कार्य समिति' बन गई...। वहीं, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने शनिवार को राज्य में 'जन आशीर्वाद यात्रा' निकालने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना की और कहा कि उन्हें (भाजपा) 'जन माफी यात्रा' निकालनी चाहिए।

### भाजपा 150 से अधिक सीटें जीतेगी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दावा किया कि मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा 150 से अधिक सीटें जीत कर फिर से सत्ता में काबिज होगी। उन्होंने महाकौशल क्षेत्र के मंडला में भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा को हरी झंडी दिखाने के लिए आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, मैं आज दावे से कहने आया हूं। मिस्टर बंटाधार (कांग्रेस नेता एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह) और करप्शननाथ (मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ) दोनों सुन लो, जिस दिन 25 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष इस जन आशीर्वाद का समापन होगा, उसी दिन तय हो जाएगा कि मध्य प्रदेश में 150 से अधिक सीटों के साथ भाजपा विजयी होगी।

## अचानक क्या हुआ कि इंडिया को केवल भारत कहने की जरूरत पड़ गयी : ममता बनर्जी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि यह भलीभांति ज्ञात है कि इंडिया ही भारत है तो अचानक ऐसा क्या हुआ कि आधिकारिक संदेश में देश का उल्लेख करते हुए केवल भारत का इस्तेमाल करने की जरूरत आ पड़ी। प्रेसीडेंट ऑफ भारत (भारत के राष्ट्रपति) के नाम से जी20 के रात्रिभोज के लिए निमंत्रण पत्र को लेकर उठे विवाद के संदर्भ में उन्होंने कहा कि दुनिया देश को इंडिया के नाम से जानती है।

ममता ने शिक्षक दिवस के मौके पर यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, मैंने सुना है कि इंडिया का नाम बदला जा रहा है। माननीय राष्ट्रपति के नाम से भेजे गए जी20 के निमंत्रण पत्र पर भारत लिखा हुआ है। अंग्रेजी में हम इंडिया कहते हैं,



इंडियन कांस्टिट्यूशन कहते हैं, जबकि हिंदी में हम इसे भारत का संविधान कहते हैं। हम सभी भारत कहते हैं, इसमें नया क्या है? उन्होंने कहा, दुनिया हमें इंडिया के नाम से जानती है। अचानक क्या हो गया कि देश के नाम को बदलने की जरूरत पड़ गयी? ममता ने कहा, देश में इतिहास को फिर से लिखा जा रहा है।

भारत की अध्यक्षता में नौ और 10 सितंबर को दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन समेत दुनियाभर के नेता इसमें भाग लेंगे। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तरफ से भेजे गए जी20 रात्रिभोज निमंत्रण पत्र को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किया, जिसमें मुर्मू का उल्लेख प्रेसिडेंट ऑफ भारत के रूप में किया गया है। ममता ने राज्यपाल सी वी आनंद बोस पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को रोक रहे हैं। उन्होंने कहा, राज्यपाल के कृत्य राज्य प्रशासन को पंगु बनाने का प्रयास हैं। वह वित्त विधेयकों को नहीं रोक सकते। अगर जरूरत पड़ी तो मैं राजभवन के बाहर धरने पर बैठूंगी। मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि राज्यपाल पश्चिम बंगाल में स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों के कामकाज में हस्तक्षेप कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर राज्यपाल विश्वविद्यालयों के कामकाज में हस्तक्षेप करना जारी रखते हैं, तो हम निधि जारी करना रोक देंगे। राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के तौर पर रविवार रात को सात विश्वविद्यालयों में अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति की थी। जिन सात विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति की गई, उनमें प्रेसिडेंसी यूनिवर्सिटी, मौलाना अबुल कलाम आजाद यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी और यूनिवर्सिटी ऑफ बर्द्धमान भी शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि नौ अन्य विश्वविद्यालयों के अंतरिम कुलपतियों के नाम भी तय कर लिए गए हैं और उन्हें जल्द ही नियुक्ति पत्र जारी किए जाएंगे।

## संक्षेप

### मतदान केन्द्रो पर पुलिस ने सुरक्षा के किये कड़े प्रबंध

लखनऊ, मोहनलालगंज वार्ड-18 के डीडीसी उपचुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिये पुलिस ने भी सुरक्षा के पुख्ता इन्तजाम किये है,मोहनलालगंज सर्किल के एसीपी नितिन सिहं को जोनल मजिस्ट्रेट बनाया गया है,तीन थानो के प्रभारी निरीक्षक समेत तीन कलस्टर मोबाइल,तीन सेक्टर मोबाइल,तीन क्यूआरटी टीमें चुनाव वाले क्षेत्रो में भ्रमणशील रहकर सतत निगरानी रखेगी ।डीडीसी उपचुनाव को शांतिपूर्ण कराने के लिये उपनिरीक्षको समेत 227पुलिसकर्मी तैनात किये गये है ।दक्षिणी जोन के डीसीपी विनीत जायसवाल व एडीसीपी शंशाक सिहं भी क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर पैनी नजर बनाये रखेगें।

### दिव्यागंजनो कार्य कारिणी बैठक आयोजित की गई

बाराबंकी ।बिक्लाँगं सेवा समिति उ0 प्र0 की बैठक गति दिनों की प्रस्तावित हूई पॉच सितम्बर को प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के प्रस्तावों पर विचार करते हुए प्रदेश स्तर पर जनपदों के सभी दिव्याँगं व निर्धन असहाय और बिधवा महिलाओं को उ0 प्र0 सरकार योजना लागू कर रही है परंतु जिसमें अभी तक दिव्यागं एवं असहाय निर्धन और बिधवाओ को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योजना द्वारा जिला प्रशासन से लाभ न मिलने के कारण दिव्यागंजनो एक बैठक में आवास और सभी योजनाओं लाभ धरातल रखे जाने पर सहमति प्रस्ताव पारित किया गया उक्त बैठक में संस्था के डी0 के0 राजपूत कोषाध्यक्ष ने बताया कि सभी वि0 खन्डो से लेकर जनपद तक सभी दिव्यागंजनो के आरक्षण पॉच प्रतिशत सभी ग्राम पंचायत स्तर से लागू किये जाने का बिचार किया गया है उपस्थित कार्यकारिणी सदस्यों ने एक स्वर से कहा उ0 प्र0 परिवाहन निगम डिपो बाराबंकी चालक व परिचालक मार्ग पर गति यात्रा मे आभ्रद्रता व्यवहार का भी प्रस्ताव रखा गया है

# टीकाकरण को लेकर ब्लॉक रिस्पॉस टीम को दिया गया प्रशिक्षण

**बच्चों के नियमित टीकाकरण में बीआरटी की भूमिका अहम : सीएमओ**

**सघन मिशन इंद्रधनुष का दूसरा चरण 11 सितम्बर से**

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ, जनपद में सघन मिशन इंद्रधनुष (आईएमआई)5.0 का दूसरा चरण 11 सितंबर से शुरू होगा, जो 16 सितंबर तक चलेगा इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान एवं यूनिसेफ के सहयोग से मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में ब्लॉक रिस्पॉन्स टीम (बीआरटी) का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान 5.0 तीन चरणों में चलाया जा रहा है। इसका पहला चरण सात से 12 अगस्त तक आयोजित किया जा चुका है।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज अग्रवाल ने कहा कि नियमित टीकाकरण और मीजल्स रूबेला (एमआर) उन्मूलन स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता में हैं अब भी कुछ परिवार ऐसे हैं जो बच्चों का टीकाकरण नहीं करवाते हैं, जिसके कारण शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने में कठिनाई होती हैं इसी को ध्यान में रखते हुए ब्लॉक स्तर पर बीआरटी गठित की गई है, जो ऐसे घरों का भ्रमण करती है जो कि बच्चों का टीकाकरण करवाने का विरोध करते हैं टीम ऐसे घरों का भ्रमण कर परिवार को मोबिलाइज करते हुए टीकाकरण करवाने का प्रयास करती है, इसलिए नियमित टीकाकरण में बीआरटी की भूमिका अहम है

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.ए.पी. मिश्रा ने कहा कि टीकाकरण न करवाने वाले परिवारों को चिन्हित करते हुए सूची बनाएं और उनके घर का भ्रमण कर उन्हें टीकाकरण से होने वाले लाभों के बारे में बताएं इसके लिए ऐसे बच्चों के अभिभावकों की मदद ले सकते हैं, जिन्होंने अपने बच्चे का पूर्ण टीकाकरण करवाया हो इसके साथ ही परिवार के पड़ोसियों एवं दोस्तों या स्थानीय बुजुर्ग या धार्मिक गुरु की सहायता भी ले सकते हैं हमें ऐसे परिवारों को राजी करना बहुत ही जरूरी है, क्योंकि एक तो इसके कारण ही शत प्रतिशत टीकाकरण नहीं हो पा रहा है दूसरे बच्चे खसरा और रूबेला जैसी बीमारियों के चपेट में आ सकते हैं जो कि संक्रामक हैं। यह बीमारी अन्य बच्चों को भी प्रभावित कर सकती हैं

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने कहा कि परिवार के सदस्यों को बताएं कि टीकाकरण न करवाने से बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता कम हो सकती है, जिसके कारण बच्चा बार-बार बीमारियों की चपेट में आ सकता हैं टीका न लगवाने से बच्चा ऐसी बीमारियों की चपेट में आ सकता है जो उसे शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांग बना सकती हैं कुछ में तो उसकी जान भी जा सकती हैं बच्चा बीमार होगा तो माँ-बाप को अस्पताल के चक्कर लगाने होंगे, जिससे पूरा परिवार परेशान होता हैं ऐसे में पैसा और समय दोनो ही बर्बाद होते हैं इन सबसे बचना है तो बच्चे का नियमित टीकाकरण अवश्य कराऐं

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने कहा कि यह दो दिवसीय प्रशिक्षण थो जिसमें सोमवार को शहरी एवं ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारियों, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर (बीपीएम), ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर (बीसीपीएम) एवं प्रतिरक्षण अधिकारी तथा मंगलवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी और कोल्ड चेन हैंडलर प्रतिभाग कियो दो दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 105 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग किया इस मौके पर विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ और यूएनडीपी के प्रतिनिधि और मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे

## आर्यकुल कॉलेज में मनाया गया शिक्षक दिवस

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर। बिजनौर स्थित आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेज में मंगलवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह ने कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित करने के साथ ही मां सरस्वती की पूजा कर की। इस मौके पर प्रबंध निदेशक डॉ. सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षक छात्र के जीवन को प्रकाशमय बनाता है। उन्होंने आगे कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। हम शिक्षकों को उनके द्वारा स्थापित किए गए आदर्शों और मानदंडों पर चलने की कोशिश करनी चाहिए।प्रबंध निदेशक डॉ. सिंह ने कहा छात्र की प्रथम शिक्षिका उसकी मां होती है। जो उसके जन्म से ही गुरु के सारे कर्तव्य निभाती है। पिता उसके द्वितीया और हम छात्र के तृतीय शिक्षक हैं। वैसे तो, इन तीनों की छात्र के जीवन में अलग-अलग भूमिका और महत्व होता है लेकिन इनका लक्ष्य एक समान है। उन्होंने आगे कहा कि माता-पिता व शिक्षक तीनों मिलकर छात्र के बौद्धिक, आत्मिक, चारित्रिक गुणों का विकास करते हैं। उसे जीवन और संसार की शिक्षा देते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र व छात्राओं ने अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं का स्वागत चंदन का तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर कर किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भाषण, गीत, कविता व नृत्य से अपने शिक्षकों का मन मोह लिया। अनुराग कुमार, छवि, मानसी, सूरज शुक्ला, सक्षम, अनुराग त्रिपाठी, हर्षित तिवारी, रीना और राज ने कार्यक्रम में प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेज के रजिस्ट्रार सुदेश तिवारी, उप रजिस्ट्रार हर्ष नारायण सिंह, फार्मेसी विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ.आदित्य सिंह, पत्रकारिता व शिक्षा विभाग की डिप्टी डायरेक्टर डॉ.अंकिता अग्रवाल, शिक्षा विभाग के एचओडी प्रणव पांडेय, और शिक्षा विभाग के प्रिंसिपल एस.सी. तिवारी के साथ अन्य शिक्षक व स्टाफ मौजूद रहें।

## आगे बढ़ने के लिए सरकार समूहों को देगी 1 से 6 लाख



**अमन लेखनी समाचार**

गोसाईगंज। बडौदा स्वरोजगार संस्थान के निदेशक श्रवण कुमार सिंह और स्टेट डायरेक्टर रश्मेंद्र कुमार सक्सेना गोसाईगंज के ग्राम पंचायत जौखंडी में पहुंचकर स्वयं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से बातचीत की तथा समूह के अंतर्गत कराए गए प्रशिक्षण में से कुछ जानकारियां भी पूछी। उन्होंने बताया कि यदि स्वयं सहायता समूह निरंतर लेनदेन करता है, तथा ऋण को अदा समय पर कर देता है तो सरकार एक लाख से 6 लाख तक ऋण मुहैया करायेगी , जिसका ब्याज 7% होगा छूट का प्रावधान जो समय अनुसार होगा वह किया जाएगा, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रशिक्षण के दौरान बनाए गए अपने प्रोडक्ट धूप बत्ती अगरबत्ती तथा हवन सामग्री को अधिकारियों को दिखाया, निदेशक श्रवण कुमार सिंह ने बताया की 9 दिन की ट्रेनिंग पंचायत में पूरी हो चुकी है तथा महिलाओं को बुधवार को तेलीबाग स्थित बडौदा स्वरोजगार संस्थान कार्यालय में परीक्षा दिलाई जाएगी, जिसमें साक्षर महिलाओं को लिखित मौखिक तथा प्रैक्टिकल परीक्षा पास करनी होगी वही निरीक्षण महिलाओं को मौखिक परीक्षा तथा प्रैक्टिकल परीक्षा पास करनी होगी, इसके बाद उनको प्रमाण पत्र दे दिया जाएगा यह प्रमाण पत्र ऋण लेने में सहायक होगा तथा महिलाएं सरकार के स्वरोजगार मिशन को पूरा करेंगी।

## किशोरी को अगवा कर गैगरेंप व हत्या के प्रयास के तीन आरोपी गिरफ्तार,भेजा जेल

**अमन लेखनी समाचार**




मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के मजदूर की नाबालिक बेटी को नौ दिन पहले बाजार से लौटते समय घर छोड़ने के बहाने दो बाइक सवार तीन युवको ने अगवा कर सूनसान स्थान पर ले जाकर नशीला पदार्थ सूंघाकर गैगरेप करने के 24घंटे बाद पीड़ित किशोरी को बेहोशी की हालत में उसके गांव के बाहर पेड़ में रूपट्टे के सहारे लटकाकर हत्या का प्रयास किया था,विफल होने पर किशोरी को एक घर के पास फेककर फरार हो गये थे ।लापता होने के दूसरे दिन रात को किशोरी के मिलने के बाद मजदूर पिता ने पुलिस को सूचना दी,जिसके बाद होश में आने पर अपने साथ हुयी हैवनियत की घटना बया की थी,लेकिन गैगरेंप जैसे बड़े मामले में लापरवाह बनी कनकहा चौकी पुलिस ने पीड़ित पिता से मनमाफिक तहरीर लेकर अगवा करने की धारा में तीन आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया था,जिसकी जानकारी पीड़ित किशोरी के पिता को हुयी तो अपने जानने वालो से पूरी घटना बताकर न्याय की गुहार लगायी, समाचार पत्रो ने किशोरी के साथ हुयी गैगरेंप की घटना को प्रमुखता से लिखा तो पुलिस के सुर बदले ओर उसने पीड़िता के बयान के बाद मुकदमें में धाराओ को बढाने की बात कही थी,लेकिन नाराज मजदूर पिता ने पीड़ित बेटी संग पुलिस कमिश्नर से मिलकर शिकायत कर आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही समेत बेटी के साथ हुयी गैगरेंप की घटना को छुपाने में लगे पुलिसकर्मियों पर भी कार्यवाही की मांग की थी,पुलिस कमिश्नर से शिकायत के बाद पुलिस के सूर बदले ओर उसने पीड़िता के घर पहुंचकर दर्ज कराये गये बयान के आधार पर गैगरेंप,हत्या के प्रयास, अपहरण, पाक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर आरोपी अनिल कुमार व विशाल निवासी रानीखेड़ा मजरा बैरीसालपुर थाना मोहनलालगंज व करन निवासी मवई थाना मवई जनपद अयोध्या हालपता निगोहां को मगंलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।

## बैंक ऑफ इंडिया शाखा सुभानी खेड़ा में , निशुल्क, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया



**लगभग 90 मरीजों की ब्लड शुगर ,हाई ब्लडप्रेशर सहित अन्य जाचें निशुल्क की गयी**

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलाल गंज के सुभानी खेड़ा के बैंक आफ इण्डिया शाखा में मंगलवार को निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बैंक आफ इण्डिया शाखा के परिसर में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के दौरान नोवा हास्पिटल के डाक्टरों की टीम ने शाखा परिसर मे आए हुए लगभग 90 मरीजों की ब्लड शुगर , हाई ब्लड प्रेशर सहित अन्य निःशुल्क जाँचें कर उचित परामर्श भी दिया और बैंक आफ इण्डिया शाखा सुभानी खेड़ा के वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक विनय सिंह ने बताया कि शाखा परिसर मे आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर मे शाखा परिसर मे आए हुए ग्राहकों व मरीजों ने बढ़ चढ़कर अपनी निःशुल्क जाँच कराई एवं नोवा हास्पिटल के डाक्टरों की टीम ने मरीजों को स्वास्थ्य सम्बन्धी उचित परामर्श दिया ।शिविर के दौरान बैंक आफ इण्डिया सुभानी खेड़ा शाखा के वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक विनय सिंह ,प्रशासन प्रबन्धक शिखा सिंह ,उदय सिंह , क्रेडिट मैनेजर कंचन कन्नौजिया सहित बैंक शाखा के कर्मचारियों एवं नोवा हास्पिटल के डाक्टरों की टीम मौजूद रही ।

## बेखौफ चोरो ने घर में घुस सोने की चेन नगदी समेत मोबाईल फोन किया पार



**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ** ,आशियाना थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरो एक घर में घुस सो रहे युवक का सोने की चेन मोबाईल फोन एवं हजारो रुपए नगदी चोरी कर फरार हो गए सुबह पीड़ित को चोरी की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दे स्थानीय थाने पहुँच पुलिस से लिखित शिकायत की है आशियाना थाना क्षेत्र के औरंगाबाद जागीर निवासी शिशिर शर्मा पुत्र स्व ओंकार नाथ शर्मा के मुताबिक वह बीते तीन सितम्बर की शाम अपने बहन के घर से अपने घर लौटा था अर्धरात्रि समय उनके कमरे में घुसे चोर ने कमरे में रखा उनका दो मोबाईल फोन एक पांच ग्राम सोने का चेन एवं उनके पॉकेट से बारह हजार रुपया नगद चोरी कर फरार हो गयो सुबह समय सोकर उठे तो मोबाईल फोन गायब देख कमरे में चोरी की जानकारी हुई जिसपर कंट्रोल नंबर पर पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाँच के बाद पीड़ित की शिकायत पर चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चोरो की तलाश में जुटी है

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की दर्दनाक मौत,मचा कोहराम

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज ।बहराइच के बौड़ी थाना क्षेत्र के अल्लीपुर निवासी मिकाइल ने बताया वो मोहनलालगंज कस्बे में अपनी पत्नी गुड़िया व दो बेटो मो०आसीफ व मो०शालिम के साथ किराये के मकान में रहकर वेज कबाब पराठे की दुकान चलाता है,मगंलवार की सुबह सात बजे छोटा बेटा मो०शालिम(20वर्ष) उसके साथ दुकान पर गया ओर साफ सफाई के बाद शौच के लिये जाने की बात कहकर रेलवे क्रासिगं की तरफ गया,जहां शौच कर वापसी के दौरान अचानक से तेज स्पीड में आयी ट्रेन की चपेट में आ गया ओर बेटे की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी ।उधर से गुजरे लोगो की सूचना के बाद पिता समेत परिजन मौके पर पहुंचे तो कोहराम मच गया। स्थानीय पुलिस की सूचना के बाद मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा ।देर शाम पोस्टमार्टम के बाद मृतक मो०शालिम का शव परिजन वाहन से लेकर बहराइच स्थित पैतृक गांव को रवाना हुयें।

## नशे के लिये पैसे ना मिलने से नाराज युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**निगोहॉ-लखनऊ।** उतरावां मजरा नारायणखेड़ा गांव निवासी लाला राम ने बताया उनका बेटा प्रमोद कुमार रावत (25वर्ष) स्मैक के नशे का आदी था,सोमवार की शाम वो नशा करने के लिये पैसे मांग रहा था मना करने पर घर से चला गया,मगंलवार की सुबह गांव के बाहर एक बाग में आम के पेड़ की डाल में रस्सी के सहारे बेटे प्रमोद का शव लटकता देख उधर से गुजरे ग्रामीणो ने घर आकर सूचना दी ।जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे तो कोहराम मच गया ।पिता ने बताया तीन साल पहले बेटे का विवाह हुआ था। प्रमोद के नशे की आदत के चलते पत्नी ने विवाह के कुछ माह पूर्व ही छोड़कर चली गई थी और दूसरी जगह शादी कर ली थी ।तभी से प्रमोद नशा और अधिक करने लगा और घर परिवार से भी ज्यादा मतलब नहीं रखता था कभी कभार मजदूरी भी चला जाता था, इधर-उधर घूमता रहता था ।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचानामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

# मलिहाबाद : वकीलों ने मुख्य सचिव व डीजीपी का पुतला फूंका

**वकीलों ने जमकर नारेबाजी कर, हापुड़ में वकीलों पर हुई लाठी चार्ज का जताया विरोध**

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ।** हापुड़ में वकीलों पर किए गए लाठीचार्ज और उसके बावजूद दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज न करने और कार्रवाई न करने पर नाराज अधिवक्ताओं ने तहसील के मुख्य गेट पर मुख्य सचिव और डीजीपी का पुतला फूंक विरोध जताया। साथ ही जमकर नारेबाजी की। यूपी बार काउंसिल के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने मंगलवार को भी न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। मलिहाबाद बार एसोसिएशन अध्यक्ष परमेश्वरदीन व महामंत्री सजीवन लाल के नेतृत्व में मलिहाबाद तहसील के मुख्य गेट पर मुख्य सचिव व उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक का पुतला दहन किया।



तहसील गेट पर पुतला दहन करते – अधिवक्तागण

अधिवक्ताओं ने मुदार्बाद और अधिवक्ता एकता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए पहले पुतले को तहसील परिसर में घुमाया उसके बाद आग लगा दी। मलिहाबाद बार एसोसिएशन अधिवक्ताओं ने एक राय में कहा कि किसी भी सूरत में अधिवक्ताओं का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। हापुड़ के डीएम व एसपी का स्थानांतरण किए जाये। और दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की जाए। साथ ही कहा कि जब तक वकीलों को न्याय नहीं मिलेगा तब तक यह आंदोलन चलता रहेगा। साथ ही कहा कि एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट पारित किया जाए। हापुड़ के घायल अधिवक्ताओं को तुरंत मुआवजा दिलाया जाए व उनका समुचित इलाज कराया जाए। वहीं अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते दूर दराज से आए वादकारियों को मुकदमों में सामान्य तारीख लेकर वापस लौटना पड़ा। इस मौके पर बार एसोसिएशन के दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# हापुड़ घटना से नाराज वकीलो ने पुलिस प्रशासन का फूंका पुतला,जमकर की नारेबाजी

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज ।हापुड़ में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओ की बुरी तरह पिटाई व संगीन धाराओ में मुकदमा दर्ज करने से पूरे प्रदेश में अधिवक्ताओ में गुस्सा व आक्रोश है ओर वो हड़ताल पर चले गये है,मगंलवार को मोहनलालगंज तहसील में बार एसोसिएशन अध्यक्ष कौशलेन्द्र शुक्ला व महामंत्री रामलखन की अगुवाई में आक्रोशित सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ताओ ने पुलिस प्रशासन के विरूद्व नारेबाजी करते हुये मोहनलालगंज तहसील गेट के सामने लखनऊ-रायबरेली हाइवे पर पुलिस प्रशासन का पुतला फूंका ।महामंत्री राम लखन ने बताया हापुड़ में अधिवक्ताओ पर लाठीचार्ज कर बुरी तरह पिटाई की घटना बहुत ही



निंदनीय है,अधिवक्ताओ पर लिखा गया मुकदमा तत्काल खत्म करने के साथ ही दोषी पुलिसकर्मी पर मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्यवाही समेत वहा के डीएम व एसपी को तत्काल हटाया जाये ओर अधिवक्ताओ की सुरक्षा की दृष्टि से प्रदेश सरकार तत्काल अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करें ।इस मौके पर पूर्व बार अध्यक्ष श्रवण यादव,शिव अटल सिहं, अमरेन्द्र प्रताप सिहं,विनय शुक्ला, उमेश तिवारी,सजंय द्विवेदी,हिमांशु तिवारी, ज्ञानेन्द्र सिहं,सौरभ सिहं,केपी यादव समेत सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहें।

## इकलौते बेटे का इलाज कराने गये पिता की नहर में डूबकर मौत,मचा कोहराम

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। निगोहां के मगटईया गांव में कृषि विभाग से रिटायर्ड बुजुर्ग दिलीप सिहं(75वर्ष)अपनी पत्नी शोभा सिहं व इकलौते बेटे अनुराग सिहं व बहू के साथ रहते थे,पत्नी शोभा सिहं ने बताया बेटे अनुराग को कई दिनो से तेज बुखार आ रहा था जिसके चलगे उसकी तबीयत बिगड़ गयी थी,जिसे इलाज के लिये पति दिलीप सिहं ने बीते सोमवार की सुबह मोहनलालगंज के हरकंशगढी में स्थित विद्या हास्पिटल में एडमिट कराया था,जहां दोपहर बाद अस्पताल से बाहर निकले पति अचानक से सदिग्धं परिस्थितियों में लापता हो गये,काफी खोजबीन के बाद पता ना चलने पर पुलिस से लिखित शिकायत कर तलाशने की गुहार लगायी,जिसके बाद चौकी इंचार्ज ने हास्पिटल पहुंचकर सीसीटीवी कैमरो की फुटेज चेक की तो 3:45 बजे के करीब हास्पिटल के मुख्य गेट से बाहर निकले पति नहर की तरफ पेशाब करते दिखे ओर इस दौरान संतुलन बिगड़ने से नहर के गहरे पानी में गिर गये ओर डुबने से उनकी मौत हो गयी ।जिसके बाद नहर से पुलिस ने मृतक बुजुर्ग दिलीप सिहं का शव बाहर निकलवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा ।परिजन मौके पर पहुंचे तो कोहराम मच गया ।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया प्रथम दृष्टया जांच में नहर किनारे पेशाब करने के दौरान सतुंलन बिगड़ने से नहर के गहरे पानी में गिरकर मौत की बात सामने आयी है,परिजनो से पुछताछ में पता चला है मृतक बुजुर्ग को मिर्गी की बीमारी भी थी।

# दिनेश शर्मा ने राज्यसभा के लिए नामांकन किया

**निर्विरोध चुना जाना तय; कहा–शिक्षक दिवस पर पीएम ने गिफ्ट दिया**

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ, लखनऊ में मंगलवार को पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया। सीएम योगी और दोनों डिप्टी सीएम मौजूद रहे हैं। उन्होंने कहा, आज शिक्षक दिवस है। यूनिवर्सिटी में एक शिक्षक के तौर पर मैंने बच्चों को शिक्षा दी। भाजपा ने एक शिक्षक को शिक्षक दिवस पर राज्यसभा का उम्मीदवार बनाकर गिफ्ट दिया है। उन्होंने कहा पीएम मोदी ने विश्वास जताकर राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया है। अब मैं उत्तर प्रदेश की जनता की आवाज संसद में उठाने का काम करूंगा। राज्यसभा की खाली सीट पर नामांकन का आज आखिरी दिन है। कल जमा कराए जाने वाले नामांकन फॉर्म की जांच होगी। इसके बाद 8 सितंबर तक नाम वापस लेने की समय सीमा निर्धारित की गई है। हालांकि, नामांकन के आखिरी दिन सपा ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है। ऐसे में माना जा रहा है कि दिनेश शर्मा निर्विरोध राज्यसभा सांसद चुने जाएंगे।

### 15 सितंबर को डाले जाएंगे वोट

दरअसल, 26 जून को बीजेपी सांसद हरद्वार दुबे के निधन के बाद राज्यसभा की एक सीट खाली हुई थी। 15 सितंबर को इस सीट पर वोट डाले जाएंगे। उसी दिन वोटों की गिनती भी होगी। वहीं, दिनेश शर्मा के राज्यसभा जाने से यूपी में विधान परिषद की एक सीट पर भी जल्द उपचुनाव होगा। हरद्वार दुबे का निधन नवंबर-2026 तक था। क्योंकि, वह अभी विधान परिषद के सदस्य हैं और उनका कार्यकाल जनवरी, 2027 तक है। दिनेश शर्मा योगी आदित्यनाथ की पहली सरकार में डिप्टी सीएम रहे हैं। हालांकि, योगी 2.0 के मंत्रिमंडल में उनको जगह नहीं मिली थी।

## संक्षेप

### दुर्घटना में घायल युवक का नही कराया इलाज पीड़ित ने पुलिस को दिया शिकायत पत्र

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के गांव बरधाई में लगभग दो माहीने पूर्व ट्रैक्टर में लिपटे ब्लेड वाले तार की चपेट में आने से एक व्यक्ति गम्भीर घायल हो गया था। जिसका पूर्ण इलाज कराने की जिम्मेदारी का आश्वासन ट्रैक्टर चालक ने दिया था। लेकिन अपने किये गए वादे से विमुख हो जाने पर घायल के पुत्र ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए न्याय दिलाने की मांग की है। गांव निवासी संदीप सिंह ने थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पिता विजयपाल बीती 11 जुलाई को अपने खेत से घर वापस आ रहा था। तभी पीछे से गांव निवासी उदयराज सिंह ट्रैक्टर लिए आ रहा था जिसमें ब्लेड वाला तार लिपटा हुआ था। संदीप ने आरोप लगाया है कि उदयराज की लापरवाही के कारण मेरे पिता उक्त तार की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिस पर उदयराज ने इलाज करवाने का आश्वासन दिया। किंतु अब इलाज में मदद करने से साफ मना कर रहे है। जिससे प्रार्थी गरीब होने के कारण अपने पिता का इलाज नहीं करा पा रहा है। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करा कर कार्यवाही की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक राजेश पाठक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### दबंगो ने घर में घुसकर पिता पुत्र को जमकर पीटा



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के कुंशी गांव में एक परिवार के पिता पुत्र की गांव के दबंगो ने जमकर पिटाई कर दी। इस कदर पिटाई कर दी गई की पिता पुत्र को मरणासन्न अवस्था में बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। दबंग की पिटाई से पिता पुत्र को गंभीर चोटे आई और दोनों को इलाज के लिए नजदीकी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। गांव कुर्सी में सुभाष अपने परिवार के साथ रहता है और गांव में ही रक्षाबंधन के दिन सुभाष की बहन का मोबाइल चोरी हो गया था। जिसकी सुभाष ने बांगरमऊ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी से नाराज दबंगों ने सुभाष के घर में घुसकर उसके पिता और उसकी बुरी तरह पिटाई कर दी। वही पिता पुत्र के बचाव करने पहुंची महिला को भी नहीं बक्शा उसको भी युवकों ने बुरी तरह मारा और मौके से फरार हो गए।

# शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर एसवीएम इंटर कॉलेज पूरनदास नगर के सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनपद के शिक्षकों को विधायक मोहान बृजेश कुमार रावत तथा जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक एवं डीएम द्वारा पूर्व राष्ट्रपति एवं भारतरत्न डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर शिक्षक गणों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं व्यक्त एवं सभागार में उपस्थित छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विधायक मोहान ने कहा कि हमारे समाज में गुरू को ईश्वर से भी बड़ा माना गया है। शिक्षक की भूमिका राष्ट्र निमार्ता की है और वह देश के भविष्य का आधार स्तम्भ है। प्राचीन काल से ही उन्नाव साहित्य एवं शिक्षा की धरती रही है। यहां की माटी में आदि कवि महर्षि वाल्मीकि ने संरक्षण पाया जिन्होंने रामायण जैसा ग्रन्थ लिखा। यहां के क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद, गुलाब सिंह लोधी, साहित्यकार भगवती चरण वर्मा एवं सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस धरती पर जन्म लेने वाले बच्चे क्रांतिकारियों व साहित्यकारों की धरोहर हैं।

इस मौके पर डीएम ने कहा कि शिक्षक का दर्जा मॉ-बाप तथा ईश्वर से भी ऊपर माना गया है। गुरूजनों का हमारे जीवन में सर्वोपरि स्थान है और शिक्षा देने का कार्य सबसे बड़ी समाज सेवा है। उन्होंने सभागार में उपस्थित बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि दुनिया में अज्ञानता से बड़ा कोई भय नहीं है। इसलिए सभी को कठिन परिश्रम कर अच्छी शिक्षा ग्रहण करने का प्रयास करना चाहिए। जनपद के सभी शिक्षकों से अपेक्षा है कि वे अपना बेहतर देने का प्रयास करें, ताकि बच्चों के जीवन में अच्छी शिक्षा का उन्नयन हो सके। उक्त कार्यक्रम में लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण देखा गया जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय पाली कम्पोजिट बीघापुर की शिक्षिका प्रज्ञा त्रिवेदी राज्य स्तरीय पुरूस्कार से सम्मानित की गयीं। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में विधायक मोहान एवं डीएम द्वारा शिक्षा में प्रशंसनीय योगदान के लिए माध्यमिक शिक्षा व बेसिक शिक्षा के 20-20 शिक्षक गण सम्मानित किए गए। इस मौके पर विधायक मोहान द्वारा जीआईसी नवाबगंज तथा विधायक सदर के प्रतिनिधि प्रखर गुप्ता द्वारा जीजीआईसी उन्नाव की शिक्षा व्यवस्था को मॉडर्न बनाने के लिए विधायक निधि से 10-10 लाख रू0 उपलब्ध कराने की घोषणा की गयी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबन्धक वेणु रंजन भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज, सहायक मजिस्ट्रेट राममोहन मीणा, जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह, सूचना अधिकारी सतीश कुमार सहित नरेन्द्र मिश्रा, स्नेह सिंह चैहान, रचना सिंह, मशर्रत फातिमा आदि शिक्षक गण व बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# शिक्षिका को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कीरतपुर सुमेरपुर के कंपोजिट जूनियर हाई स्कूल सुमेरपुर की प्रधान शिक्षिका वंदना दीक्षित को शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित किया। ये सम्मान आई सी टी-इनफार्मेशन कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी लैब हेतु शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री के द्वारा पूरे उत्तर प्रदेश में केवल पांच लोगों को दिया गया जिसमें तहसील बीघापुर की प्रधान शिक्षिका वंदना दीक्षित भी शामिल हैं। वंदना दीक्षित ने एम एस सीबॉटनी करने के बाद 2005 में बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी से बीएड किया था। 17 अगस्त 2013 में सुमेरपुर विकास खंड के कीरतपुर कंपोजिट जूनियर हाई स्कूल में प्रधान शिक्षिका बनी। मूल रूप से शुक्लागंज उन्नाव की निवासी वंदना के पिता कैलाश नारायण दीक्षित कृषि विभाग में टी ए रह चुके है जबकि माता गीता दीक्षित ग्रहणी है। वंदना के पति कुलदीप भारतीय वायु सेना में सेवा दे चुके है। वंदना के भाई अक्षित दीक्षित सूर्यदत्ता कॉलेज पुणे में चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर है जबकि एक बहन अर्चना दीक्षित ने संस्कृत से पी एच डी कर जॉब की तलाश में है। मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित होने की खबर जैसे ही क्षेत्र में पता चली लोगो मे खुशियां बढ़ गई। कीरतपुर प्रधान आशीष उर्फ सानू अवस्थी, संस्कृत महाविद्यालय के प्रबंधक योगेश अवस्थी, शिक्षक साथियो सहित अनेक लोगो ने दूरभाष पर बधाइयां प्रेषित की।

## पुत्रों की दीघार्यु के लिए माताओं ने रखा व्रत

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। पुत्र की लंबी आयु की कामना के साथ माताओं ने मंगलवार को ललही छठ का व्रत रखा। विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। हलषष्ठी एवं बलराम की कथा सुनाई गई। नगर के साथ ग्रामीण अंचलों में भी ललही छठ पर पूजन-अर्चन हुओपुत्र की लंबी उम्र की कामना के लिए मंगलवार को क्षेत्र भर में ललही छठ का पर्व मनाः पुत्र की लंबी उम्र की कामना के लिए मंगल वार को क्षेत्र भर में ललही छठ का पर्व मनाया गया। घर-घर के आंगन में कुश गाड़ कर रीति के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान किए गए। महिलाओं ने व्रत रख पूजा अर्चना की। दिन भर पूजन-अर्चन का सिलसिला चलता रहा। मान्यता है कि श्रीकृष्णजी के जन्म से पूर्व श्री बलरामजी का जन्म हुआ था। हलषष्ठी का व्रत बलरामजी के जन्म के उपलक्ष्य में किया जाता है। बलरामजी का शस्त्र हल है। इसलिए इस दिन महिलाओं को हल चले हुए जमीन में नहीं चलती है। व्रत के पूजन सामग्री के रुप में दूध, दही- घी, महुआ, तिन्नी का चावल, फूल, दूब, रोली, चन्दन, नारियल, कुश और भाजी का प्रयोग होता है। इसी क्रम में महुआ और कुश लगाकर व गड्ढा खोद करबलरामजी के जन्म के उपलक्ष्य में किया जाता है। उनकी लंबी उम्र की कामना की। पुत्रों ने भी माता के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया दिन भर पूजन-अर्चन का सिलसिला चलता रहा। खाने में बिना जोते खेत के अन्न-फल व अन्य सामग्री का इस्तेमाल महिलाओं ने किया। जिसमें तिन्नी का चावल, दही व करेमुआ के साग की काफी मांग रही।

# शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर क्षेत्र के गांव नेवाजीखेड़ा में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साहित्य महासागर एजुकेशन संस्थान नेवाजी खेड़ा द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ हुआ। उसके बाद उपस्थित सेवारत शिक्षक ईश्वर दीन पाल, रामशरण चौरसिया, संजय सिंह, राकेश मोहन विष्णु चौरसिया राजेश रावत का अंग वस्त्र पहनाकर व बैच लगाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कवि सुरेश फक्कड़ ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक हमारे जीवन से स्तंभ होते हैं। वह अपना समय देकर हमारे जीवन को संवारते हैं और आगे बढ़ाते हैं। शिक्षक ना सिर्फ हमें शिक्षा देते हैं बल्कि वह हमेशा हमें अच्छा इंसान बनाने की कोशिश करते रहते हैं। कार्यक्रम के आयोजक साहित्य महासागर एजुकेशन संस्थान के संस्थापक शिक्षक धुनारी लाल रावत ने कार्यक्रम में आए हुए लोगो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक का हमारे जीवन में अमूल्य योगदान है। शिक्षकों के बिना यह मानव जीवन सार्थक नहीं है। हर किसी के जीवन में एक गुरु या शिक्षक का होना बेहद आवश्यक है। इसलिए हम सभी को सदा शिक्षकों का मान-सम्मान करना चाहिए और उनकी बातों पर अमल करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन सरदार सिंह ने किया। इस मौके प्रमुख रूप से कुंवर बाबू सिंह दिनेश रावत, शंभू सिंह पारितोष रावत राजेंद्र पटेल सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

## त्रिस्तरीय उपचुनाव चुनाव को लेकर पोलिंग पार्टिया पहुँची बूथ



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। उपजिलाधिकारी बीघापुर क्षितिज द्विवेदी व क्षेत्राधिकारी मायाराय ने मंगलवार को विकासखंड सुमेरपर के गौरा ग्राम सभा मे पहुँचकर मतदान बूथों का निरीक्षण किया। प्रधानी की रिक्त हुई सीट के लिए आज मतदान शुबह 7 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। उपजिलाधिकारी ने बताया गौरा ग्राम सभा के 728 परिवारों में 3948 वोटर है। वोट डालने में सुविधा के लिए 5 कमरों में 5 बूथ बनाये गए है। फर्जी मतदान या अराजकता रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। मतदान सी सी टी वी कैमरों की निगरानी में किया जाएगा। मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी तक कोई भी प्राइवेट वाहन या किसी भी प्रकार का बस्ता नही लगाया जाएगा। मतदान हेतु वोटर अपनी ओरिजनल परिचयपत्र साथ लेकर आये। अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## शिक्षक दिवस पर शाखा प्रबंधक ने शिक्षकों को किया सम्मानित



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। शिक्षक दिवस पर आर्यावर्त ग्रामीण बैंक चकलवंशी की शाखा प्रबंधक रुचि वर्मा द्वारा शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित इस अवसर पर उन्होंने कहा की आर्यावर्त बैंक द्वारा शिक्षकों के प्रति बहुत सी योजनाएं चलाई जा रही हैं आप सभी योजनाओं का लाभ उठाएं सम्मानित होने वाले शिक्षकों में सत्य प्रकाश द्विवेदी राघवेंद्र सिंह आशुतोष श्रीवास्तव अवनींद्र गौड़ देवेंद्र सिंह कुशवाहा अखिलेश कुमार मेराज खान राम शंकर यादव आदि शिक्षक थे इस अवसर पर शाखा प्रबंधक रुचि वर्मा सहायक शाखा प्रबंधक दीपिका सचान दिवाकर चौधरी शालिनी अग्रहरि बबीता आदि मौजूद थी।

# स्वर्गीय एमएलसी की पुण्य तिथि पर उमड़ा जन सैलाब

अमन लेखनी समाचार







उन्नाव। स्वर्गीय एमएलसी की 19 वी पुण्य तिथि पर जनपद के आरोडा रिसार्ट में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमे प्रदेश के राज्य मंत्री समेत जनपद के हजारों की संख्या में लोगो ने स्वर्गीय एम एल सी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी इस सभा के उपरांत उनकी धर्म पत्नी व उनके युवा पुत्र भाजपा नेता ने जनपद के मेधावी छात्र छात्राओं व सेवानिवृत शिक्षको को सम्मानित कर विकलांग जनों को ट्राई साइकिल वितरण की गई वही मौजूद छात्र छात्राओं को छात्रवृति भी दी गई शहर में स्थित अरोड़ा रिसार्ट में आयोजित स्वर्गीय एम एल सी अजीत सिंह की 19 वी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि देने को जन सैलाब उमड़ा सर्वप्रथम उनकी धर्मपत्नी वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह व उनके पुत्र युवा भाजपा नेता शशांक शेखर शनि सिंह ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री अल्प संख्यक कल्याण के दानिश अंसारी, स्वंत्रत प्रभार राज्यमंत्री दिनेश सिंह, सरोजनी नगर विधायक राजेश्वर सिंह, कानपुर बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा, पूर्व एमएलसी बनारस ब्रजेश सिंह, पूर्व विधायक सोनू सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार सिंह चौहान, मोहन विधायक ब्रजेश रावत, बांगरमऊ विधायक श्री कांत कटियार, भगवंत नगर विधायक आशुतोष शुक्ला, पुरवा विधायक अनिल सिंह, जिला पंचायत सदस्य अशोक सिंह, जिला पंचायत सदस्य दिलीप कुमार उर्फ गुड्डू मिश्रा, युवा भाजपा नेता शिवेंद्र प्रताप गोलू सिंह, बबलू सिंह, मनीष सिंह, भोला सिंह, सतेंद्र सिंह, अवधेश दीक्षित, विक्रम सिंह आदि हजारों लोगो ने स्वर्गीय एम एल सी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी श्रद्धांजलि सभा के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह व उनके युवा पुत्र ने विकलांगो को ट्राई साइकिल छात्र छात्राओं को छात्रवृति सेवा निवृत शिक्षको को सम्मानित किया वही जनपद में अच्छे अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया वही पर रक्त दान शिविर नेत्र शिविर का आयोजन किया गया पुण्य तिथि का संचालन विष्णु नाथ तिवारी व वीन्दा प्रसाद शास्त्री ने किया।

# बीस लीटर अवैध कच्ची शराब समेत एक युवक गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना के निदेर्शानुसार व जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण मेंआबकारी निरीक्षक कुमार गौरव सिंह मय हमराह व थाना हसनगंज पुलिस स्टाफ के साथ ग्राम न्यूतनी के पुछडा तिराहा में एक बारगी दबिश देते हुए 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ काशी पुत्र महादेव निवासी मोहन को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया।

## धरना प्रदर्शन कर अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन का फूंका पुतला



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। तहसील मुख्यालय पाटन में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आवाहन पर तहसीलदार बार एसोसिएशन ने भारी पुलिस बल मौजूद होने के बावजूद भी प्रदेश के मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक के पुतलों को फूंका। तहसील परिसर में संघ के पदाधिकारी व अधिवक्ताओं ने इकट्ठे होकर प्रदेश सरकार व पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हापुड़ पर हुए बर्बर लाठी चार्ज पर उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के दिए गए मांग पत्र को जब तक उत्तर प्रदेश सरकार पूरा नहीं करेगी अधिवक्ताओं का यह संघर्ष जारी रहेगा अध्यक्ष सर्वेश प्रताप सिंह ने कहा कि पुलिस प्रशासन चाहे जितनी भी नाकेबंदी व घेराबंदी कर ले अधिवक्ता हर मोर्चे पर डटे रहेंगे और घटना को लेकर अपनी मांग माने जाने पर ही पीछे हटेंगे। इसमें महामंत्री मोहनलाल यादव, कृष्ण पाल सिंह, रमेश चंद्र वर्मा, शिवकुमार, विवेक मोहन, अखिलेश प्रताप सिंह, सोमनाथ वर्मा, सुरेश पटेल, आदि रहे।

## सहायक निदेशक ने रेशम उत्पादन के विभिन्न पहलुओं के बारे मे दी जानकारी

**बागवानी से आच्छादित प्रक्षेत्रों का प्रशिक्षण प्रतिभागियों ने किया अवलोकन**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। आचार्य नरेंद्र देव कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, बहराइच पर कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 21 दिवसीय माली प्रशिक्षण के प्रतिभागियों को कृषि विज्ञान केन्द्र, नानपारा, बहराइच, राजकीय उद्यान पार्क रिसिया, प्रगतिशील कृषकों के प्रक्षेत्र, रेशम फार्म कल्पीपारा का भ्रमण कराया गया। यह भ्रमण केन्द्र केंद्र के वरि0 वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष की अगुआई में किया गया। भ्रमण दल को डॉ पी सिंह द्वार दल को सभी स्थानो पर ले कर गए। स्वर्ण जयंती पार्क में उद्यान विभाग के खुशीराम द्वारा विभिन्न प्रकार की पौधों की कटिंग, बडिंग, शोभाकारी एवं हाईटेक नर्सरी के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ प्रतिभागियों को अद्यतन तकनीकियों से अवगत कराया गया तथा बागवानी से आच्छादित प्रक्षेत्रों का अवलोकन कराया गया। कृषि विज्ञान केंद्र, नानपारा पर डॉ अरुण कुमार ने प्रक्षेत्र पर उगाई विभिन्न फसलों प्रजातियों के बारे एवं मदर आचार्ड की विस्तृत जानकारी दी। श्रावस्ती कृषि विज्ञान केंद्र के कार्य क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक आरिफ सिद्दीकी ने जरबेरा की खेती के बारे में विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी दी। रेशम फार्म, कल्पीपारा के सहायक निदेशक डॉ एम के सिंह ने रेशम उत्पादन के विभिन्न पहलुओं के बारे में एवं प्रयोग के बारे में बताया। मक्का फसल अनुसंधान केंद्र, बहराइच के प्रभारी अधिकारी डॉ महेंद्र सिंह ने मक्का की विभिन्न प्रजातियां एवं उनके उत्पादन तकनीक के बारे में जानकारी दी साथ ही साथ मौसम वेधशाला का अवलोकन कराया। भ्रमण के दौरान निधि, आराधना, जिया हुलक, दिनेश, अमरीश, संजीव, महेश, विनोद, अजय कुमार आदि रहे।

## चिंतन

# मिशन-2024 के लिए एक्शन मोड में पक्ष-विपक्ष

देश में सियासी हलचल काफी तेज है। मिशन 2024 के लिए सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों अपनी-अपनी रणनीतियों को आकार दे रहे हैं। सभी दल एक्शन मोड में आ गए हैं। सरकार जहां एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा को अमलीजामा पहनाने के उपायों की ओर बढ़ रही है, वहीं विपक्षी गठबंधन राजग को मात देने के समीकरण की किलेबंदी कर रहा है। सरकार ने 17 से 22 सितंबर के बीच पांच दिवसीय विशेष संसद सत्र बुलाकर विपक्षी गठबंधन की परेशानी बढ़ा दी है तो मुंबई में नए नवेले विपक्षी गठबंधन ने तीसरी बैठक कर अपनी एकजुटता को धार देकर राजग के सामने मजबूत चुनौती पेश कर भाजपा की धड़कनें बढ़ा दी हैं। यूं तो अभी विशेष संसद सत्र के एजेंडे का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन जिस तरह सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक राष्ट्र एक चुनाव को जमीनी धरातल पर उतारने को समिति बनाई है, उससे अटकलों को हवा मिल रही है कि विशेष सत्र इसी प्रस्ताव पर आगे बढ़ने के लिए बुलाया गया है। एक राष्ट्र एक चुनाव की राह आसान नहीं है, लेकिन इससे विपक्षी गठबंधन इंडिया के बिखरने की संभावना अधिक है। विपक्षी गठबंधन ने एक राष्ट्र एक चुनाव के विचार को ध्यान भटकाने वाला बताकर इसे खारिज कर दिया है। विशेष सत्र में सरकार अगर देश के एक राष्ट्र एक चुनाव, यूसीसी, महिला आरक्षण जैसे अहम विषयों पर आगे बढ़ती है तो निश्चित रूप से सियासत का अलग रंग देखने को मिलेगा। यह भी हो सकता है कि सरकार विशेष सत्र जी-20 बैठक की सफलता पर विशेष चर्चा के लिए बुलाई हो। दो से चार दिनों में सरकार विशेष सत्र के एजेंडे का खुलासा करेगी। बहरहाल, विपक्षी गठबंधन के मुंबई में जमावड़ा ने विपक्ष की राजनीति को धार देने प्रयास जरूर किया है। विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के प्रमुख नेताओं ने आगामी लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरने का ऐलान किया है। सीटों के बंटवारे की बात भी जल्द कर लेने की कही है। जल्द चुनाव की आशंका को देखते हुए 'इंडिया' ने चुनाव प्रचार में उतरने की योजना बनाई है, हालांकि मुबई बैठक में न ही संयोजक बनाने का ऐलान हुआ, न ही विपक्षी गठबंधन के नेता के नाम पर चर्चा हुई, न ही जाति जनगणना के मुद्दे पर एकजुटता दिखी और न ही गठबंधन ने मिशन 2024 के लिए अपने एजेंडे का रोडमैप पेश किया। राजग के सामने 'इंडिया' का राष्ट्रीय विकास का एजेंडा क्या होगा, इस पर कोई बात ही नहीं हुई। नेता के नाम पर मतभेद खड़ा होने की स्थिति से बचने के लिए विपक्षी गठबंधन ने न्यूनतम साझा कार्यक्रम (सीएमपी) को ही आगे रखकर चुनाव मैदान में उतरने का संकेत दिया है। इससे इंडिया की कमजोरी ही उजागर होती है। विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों व नेताओं को देखें तो इसके दल व नेता पांच से लेकर पंद्रह से अधिक साल से सत्ता में हैं, यह रहे हैं, कांग्रेस ने खुद 50 से अधिक वर्ष तक देश पर शासन किया है, इसके बावजूद ये सत्ता में रहते हुए रोजगार, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेजयल, गरीबी उन्मूलन, प्रशासनिक सुधार, पुलिस सुधार, न्यायिक सुधार आदि क्षेत्र में कुछ नहीं कर पाए हैं। राजनीतिक, आर्थिक व सामाजिक परिवर्तन का कोई मॉडल पेश नहीं कर सके हैं, ऐसे में विपक्षी गठबंधन इंडिया कोई नहीं उम्मीद नहीं जगाता है, यह सत्ता के लिए जमा कुनबा प्रतीत हो रहा है। फिलहाल, सत्ता पक्ष व विपक्षी की सियासी गतिविधियां चुनावी कसरत का आभास दे रही हैं।

## विचार

सौरभ बाजपेयी



# कांग्रेस, संवाद और देश जोड़ने की परंपरा

गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर कहते थे- 'अतीतविहीन वर्तमान का कोई भविष्य नहीं होता'. यानी जो वर्तमान अपना इतिहास भूल जाता है, उसका भविष्य अंधकारमय है. इसलिए आज की कांग्रेस को समझना है तो इतिहास में झाँकना होगा. राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा क्या है? यह क्या कोई अनोखी पहल है या कांग्रेस की संवाद-परम्परा है? दरअसल, संवाद ही कांग्रेस की शक्ति, उसकी परंपरा है. इसी संवाद से कांग्रेस ने इस देश की नब्ज़ को पहचाना है. कांग्रेस नेताओं ने देश का बार-बार मंथन किया है. इसी मंथन से उसने देश का निर्माण किया है. राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा इसी मंथन-परंपरा की कड़ी है. भारत जोड़ना इस यात्रा का उद्देश्य है. है इसलिए क्योंकि उसका दूसरा चरण जल्द ही शुरू होने वाला है. हर देश में देश जोड़ने और तोड़ने वाली शक्तियाँ होती हैं. जब जोड़ने या मरम्मत करने की शक्तियाँ ढ़ीली पड़ जाती है, देश का तानाबाना टूटने लगता है. सांप्रदायिकता के आधार पर देश एक बँटवारा देख चुका है. आज फिर धर्म के नाम तोड़ने वाली ताकतें सक्रिय हैं. ऐसे समय में राहुल गाँधी देश को जोड़ने निकल पड़े. जनता से सीधे संवाद के माध्यम से राष्ट्रीय एकता की अपील- यही तो कांग्रेस की परंपरा है. गांधीजी कहते थे- इन किसानों को अनपढ़ मत समझो. इनके पास बैठोगे, यह तुम्हें दृष्टि देंगे. राहुल गांधी अपनी समझ देश पर थोपने नहीं निकले. वो इस देश की परंपरा को इस देश के लोगों से संवाद के माध्यम से समझने निकले. तोड़ने और जोड़ने की इसी बाइनरी में राष्ट्रवाद की असली परिभाषा छिपी है. तोड़ने वाली ताकतें सांप्रदायिक ताकतें हैं. वो देश के भीतर धर्म का इस्तेमाल करके विभाजन पैदा करती हैं. जबकि जोड़ने वाली ताकतें भारतीयता पर जोर देकर इस विभाजन को पाटती रहती हैं. कांग्रेस देश जोड़ने वाली सबसे बड़ी ताकत है.

आज़ादी से पूर्व कांग्रेस ने देश को जोड़ा और अंग्रेजी राज को उखाड़ फेंका. देश जोड़ने का अर्थ है देश की जनता को जोड़ना. कांग्रेस नेताओं ने देश की जनता के हित जोड़ दिए. उन्हें अहसास दिलाया कि अंग्रेजों के खिलाफ एकजुटता जरूरी है. इसके लिए भारतीय राष्ट्रवाद ने सूत्र का काम किया. यह एक सर्वसमावेशी राष्ट्रवाद है जहाँ भारत का हर नागरिक स्वयं को सबसे पहले भारतीय मानता है. कांग्रेस ऐसा कर सकी क्योंकि उसकी दृष्टि में जनता ही जनार्दन है. जनार्दन भगवान् कृष्ण का नाम है. लोकतंत्र में 'लोक' यानी जनता ही मालिक है. जनता ही कांग्रेस की मूल आस्था है. इसलिए जनता से संवाद उसकी मूल प्रतिबद्धता है. शायद यही वजह है कि कांग्रेस विचारधारा का मूल जनता की भलाई है. जनता की भलाई के लिए जनता से संवाद अनिवार्य है. अपनी यात्रा के क्रम में राहुल गांधी लाखों लोगों से मिले. करोड़ों लोग उनकी यात्रा के चश्मदीद बने. राहुल गाँधी ने जनता की बात सुनी, अपनी बात कम की. क्योंकि वो जनता से देश समझने गए थे. इस यात्रा के बाद राहुल गांधी पहले से और अधिक दृढ़संकल्पित होकर निकले हैं. क्योंकि जनता ने उन्हें आत्मविश्वास दिया है कि उनकी सोच सही है. लोगों को धैर्यपूर्वक सुनने की क्षमता के लिए राहुलजी की प्रशंसा अक्सर होती है. लेकिन संवाद की इस परंपरा में वे अकेले अपवाद नहीं हैं. प्रत्येक व्यक्ति अपने निजी अनुभवों से दुनिया समझता है. यहाँ कुछ व्यक्तिगत अनुभवों के उल्लेख का लोभ-संवरण नहीं कर पा रहा हूँ. इसके लिए पाठकगण मुझे क्षमा करेंगे. जहाँ राजनीति में अभिजात्यता आज एक फैशन बन गई हो, वहाँ इतने कद्दावर नेताओं का व्यवहार ध्यान देने योग्य है.

राहुलजी के साथ भारत जोड़ो यात्रा जम्मू में शामिल हुआ. यात्रा के 15 मिनट वे बेहद विनम्रता से मुझे सुनते रहे. बीच-बीच में उन्होंने कुछ प्रश्न और टिप्पणियाँ कीं. उनकी बातचीत में गर्मजोशी और विनम्रता थी. वे चाहते तो ऐसा नहीं भी कर सकते थे. लेकिन किसी को भी ध्यान से सुनना एक अपेक्षित गुण है. बातचीत के अंत में उन्होंने एक ज़बरदस्त अंतर्दृष्टि दी. किसी सन्दर्भ में उन्होंने कहा- 'कोई इमारत किस चीज पर टिकी होती है?

इन अर्थों में कांग्रेस जनता की सच्ची अभिव्यक्ति है



## आदित्य-एल-1

प्रमोद भार्गव

इसरो अपने आदित्य-एल-1 को सूर्य की कक्षा में पहुंचाने के अभियान में जुट गया है। इस यान को आज 2 सितंबर को प्रक्षेपित किया जाएगा। यदि इस अभियान में भारत सफल हो जाता है तो वह सूर्य का अध्ययन करने वाला चौथा देश हो जाएगा। इसके पहले अमेरिका, रूस और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी सूर्य पर शोध कर चुके हैं। इस अभियान का लक्ष्य सूर्य के प्रकाश मंडल और कोरोनामंडल के बीच की परत की गतिशीलता, तापमान, कोरोनल मास इजेक्शन और अंतरिक्ष मौसम समेत कई दूसरे पहलुओं का वैज्ञानिक अध्ययन करना है। आदित्य एल सात पेलोड विद्युत चुंबकीय और चुंबकीय क्षेत्र परखने वाले उपकरण साथ लेकर जाएगा।

# सूर्य को जानने की जिज्ञासा

चंद्रयान-3 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतारने के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अपने आदित्य-एल-1 को सूर्य की कक्षा में पहुंचाने के अभियान में जुट गया है। इस यान को 2 सितंबर को प्रक्षेपित किया जाएगा। यदि इस अभियान में भारत सफल हो जाता है तो वह सूर्य का अध्ययन करने वाला चौथा देश हो जाएगा। इसके पहले अमेरिका, रूस और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी सूर्य पर शोध कर चुके हैं। इस अभियान का लक्ष्य सूर्य के प्रकाश मंडल और कोरोनामंडल के बीच की परत की गतिशीलता, तापमान, कोरोनल मास इजेक्शन और अंतरिक्ष मौसम समेत कई दूसरे पहलुओं का वैज्ञानिक अध्ययन करना है। आदित्य एल सात पेलोड विद्युत चुंबकीय और चुंबकीय क्षेत्र परखने वाले उपकरण अपने साथ लेकर जाएगा। ये उपकरण सूर्य के अध्ययन के उद्देश्य को पूरा करेंगे।

यह अभियान शत-प्रतिशत स्वदेशी है और इसके प्रक्षेपण में करीब चार माह लगेंगे। यह पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर एक विशेष स्थान लैंग्रेज बिंदु-1 पर पहुंचेगा। यहां पृथ्वी और सूर्य के गुरुत्वाकर्षण बल खत्म हो जाते हैं। अतएव यहां शोध के अध्ययन के लिए आदित्य-एल को ज्यादा ऊर्जा की जरूरत नहीं पड़ेगी, इसलिए इसे सूरज के विकिरण पराबैंगनी और एक्स किरणों तथा सूरज से निकलने वाली तीव्र ज्वालाओं का पृथ्वी के वायुमंडल पर क्या असर पड़ता है, यह जान लेना आसानी होगी। आदित्य जिन सात पेलोड को अपने साथ लेकर जाएगा उनमें से सात पेलोड सीधे सूर्य की गतिविधियों और कार्यप्रणाली पर नजर रखेंगे। तीन पेलोड सूर्य से निकलने वाली लपटों, उनमें अंतरर्निहित कणों, सौर्य विकरण का अध्ययन करते हुए निष्कर्ष व आंकड़े इसरो को भेजेंगे। एल-1 बिंदु पर अध्ययन करने वाला यह विश्व का दूसरा अभियान है। इसरो ने चांद के रहस्यों को जानने वाले अभियान का नाम चंद्रयान रखा है, लेकिन सूर्य के रहस्यों को ज्ञात करने वाले अभियान का नाम सूर्ययान नहीं रखा। इसरो ने कहा है कि भारत का यह अभ्यिान सूर्य की सतह पर नहीं उतर रहा है। इस कारण इसके साथ सूर्य, सूरज या सौर्य शब्द नहीं जोड़ा गया, लेकिन आदित्य भी सूर्य का ही पर्यायवाची है, इसलिए इसे आदित्य एल-1 नाम दिया गया है। चूंकि यह सूरज की जिस कक्षा पर केंद्रित होकर अध्ययन करेगा उसे लैंग्रेज बिंदु कहा जाता है, इसलिए इस अभियान का नाम आदित्य एल रखा गया है। पृथ्वी से इसी लैंग्रेज बिंदु की दूरी 15 लाख किलोमीटर है। आदित्य एक उपग्रह की तरह सूरज के चारों तरफ चक्कर लगाएगा। यह लगभग पांच वर्ष तक सूरज से निकलने वाली किरणों का गहन अध्ययन करेगा। इस अभियान पर कुल 378 करोड़ रुपये की लागत आई है। सूरज की सतह पर प्रचंड रूप से गर्म तापमान होता है। इस तापमान की पृष्ठभूमि में सूरज की सतह पर उपलब्ध प्लाज्मा का विस्फोट है। इस विस्फोट की वजह से लाखों टन प्लाज्मा अंतरिक्ष में फैल जाता है। इसे सीएनई कहते हैं। इसे पूरे ब्रह्मांड में फैलाने का काम



प्रकाश की गति करती है। कभी-कभी यह प्लाज्मा धरती के ओर भी आ जाता है, परंतु धरती के तीव्र चुंबकीय क्षेत्र के प्रभाव की वजह से यह धरती की कक्षा तक पहुंचने से पहले ही नष्ट हो जाता है। कई बार सीएमई धरती की परत को भेदकर धरती के वायुमंडल में भी प्रवेश कर जाती है, इसलिए आदित्य एल को सूर्य के निकट भेजकर पृथ्वी के वायुमंडल में जो तत्व नुकसान पहुंचाते हैं, उनको जानकर उन्हें नियंत्रित करना भी है।

दरअसल किसी भी ग्रह के पास पहुंचे बिना, उसके संपूर्ण रहस्यों को जानना असंभव है, इसलिए वैज्ञानिक सूर्य के निकट पहुंचकर उसके रहस्यों को उजागर करने के प्रयास में लगे हैं। भारत के आदित्य एल-1 अभियान के पहले अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के पार्कर यान ने एक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। वह सूर्य से 4.27 करोड़ किलोमीटर की दूरी से गुजरा। किसी यान के लिए यह सूर्य से अब तक की निकटतम दूरी है। इससे पहले सूर्य के इतने नजदीक अप्रैल 1976 में जर्मन-अमेरिकी यान हेलियम-2 पहुंचा था। जॉन्स हॉपकिंस एप्लाइड भौतिकी के वैज्ञानिक ने सौरयान को प्रक्षेपित करने के बाद 78 दिन के भीतर यह सफलता प्राप्त करके एक कीर्तिमान स्थापित किया है। यही नहीं इस यान ने और आगे बढ़ते हुए 5 नवंबर 2018 को 34-सौर क्षेत्र में भी पहुंचने में सफलता प्राप्त कर ली थी। 34 सौर या सूर्य-समीपक किसी भी ग्रह की कक्षा के उस बिंदु को कहा जाता है, जहां वह सूर्य के सबसे समीप होता है। यही नहीं, अब यह ऐसे स्थान पर पहुंच गया है, जहां उसे तापमान और तीव्र विकिरण का सामना करना पड़ रहा है। अब वैज्ञानिक शताब्दियों से पहेली बने इस तारे के रहस्यों की गांठें खोलेंगे। इस अभियान में सूर्य से इसकी निकटतम दूरी 61.63 लाख किमी है। सूर्य का अध्ययन इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि इसी साल वैज्ञानिकों ने जानकारी दी थी कि बैल के सींग के आकार में सूर्य का एक टुकड़ा टूटकर अंतरिक्ष में विलीन हो गया है। इस खगोलीय घटना को नासा ने अपने कैमरे में कैद भी कर लिया था। यह काम नासा के जेम्स वेब दूरबीन ने किया था। इससे पहले इस दूरबीन से ब्रह्मांड में चलायमान निहारिकाओं की अद्भुत तस्वीरें ली गई थीं। सूर्य में अग्नि का ज्वार निरंतर उठता रहता है। यही आग संसार को रोशनी देती है। हालांकि सूर्य से अग्नि के हिस्से का टूटकर बिखरना कोई नई बात नहीं है, लेकिन यदि सूर्य का वास्तव में एक हिस्सा टूटकर गिरा है तो इसका गंभीर अध्ययन आवश्यक है। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि सूर्य का कोई टुकड़ा पहली बार टूटा है? संभव है, पहले भी टूटा हो? लेकिन जेम्स वेब जैसी शक्तिशाली दूरबीन नहीं होने के कारण उसके चित्र नहीं लिए जा सके हों?

कुछ भारतीय वैज्ञानिक सूर्य के टूटने की घटना को नई बात नहीं मान रहे हैं। सूर्य की प्रकृति में ऐसा होता रहता है, लेकिन इस बार टूटने की प्रक्रिया की तीव्रता अधिक थी। ऐसे भी अनुमान लगाए जा रहे हैं कि सूर्य का टूटा टुकड़ा फिर अपनी जगह स्थापित हो जाए। क्योंकि सूर्य के प्रभाव के क्षेत्र में सूर्य का गुरुत्वाकर्षण बल काम करता है। अतएव यह आशंका ही निराधार है कि सूर्य का अंश टूटा है। यह न तो सूर्य के द्रव्यमान को प्रभावित करेगा और न पृथ्वी पर इसका कोई असर होगा। बावजूद इस घटना से पृथ्वी का दूर-संचार क्षेत्र प्रभावित होने की शंका जताई जा रही है, परंतु अभी इसके कोई संकेत देखने में नहीं आए है। सूर्य गैस से बना हुआ एक गोला है। नतीजतन इसकी सतह पर निरंतर परमाणु प्रतिक्रिया होती रहती है। ये प्रतिक्रियाएं यदि सूर्य के ध्रुवों के निकट होती रहती हैं तो इस घटना का कोई प्रभाव धरती पर नहीं पड़ेगा। चूंकि सूर्य के करीब पहुंचना आसान नहीं है, इसलिए इसे अभी तक वैज्ञानिक बहुत ज्यादा जान ही नहीं पाए हैं। इस नाते आदित्य एल सूर्य के कुछ नए रहस्य जरूर उजागर करेगा। जैसे कि चंद्रयान-1 ने पहली बार चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पानी होने के प्रमाण दिए थे।

## उद्यमो भैरवः



संकलित

दर्शन

**श्रीश्री रविशंकर**। हम इस दार्शनिक उलझन में पड़ गए हैं कि प्रभु करते हैं या हम करते हैं। क्या मैंने भी कुछ किया है या सबकुछ प्रभु ही कराते हैं? इसको समझना बहुत आवश्यक है। इस बात को समझे बिना, आध्यात्म के नाम पर हम क्या-क्या करते हैं। इसलिए, तथाकथित धार्मिक या आध्यात्मिक लोग बहुत समस्या पैदा करते हैं। स्वयं भी समस्या में उलझ जाते हैं और दूसरों के लिए भी समस्या पैदा कर देते हैं, क्योंकि उन्हें अकर्मण्यता पकड़ लेती है। एक विलक्षण शिव सूत्र है, 'उद्यमो भैरवः' भैरव शिव जी से ही प्रकट हुई शक्ति है। यदि आप किसी कार्य में संलग्न हैं तो उसमें अपना सौ प्रतिशत लगाएं। यही उद्यम है। ये आपको मुक्त कर देगा। जो काम करना है, उसके बारे में सोचकर बैठे रहने से कुछ नहीं होगा। करना है और छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं तो वह भी नहीं होगा। जो करना है, वह पूरा करके समाप्त करें और जो छोड़ना है, उसे छोड़कर शांत हो जाएं। दोनों में सौ प्रतिशत लगाएं। उद्यमो भैरवः प्रयत्न भी भगवान ही है। यदि हमारे उद्यम से ही सारा लाभ प्राप्त हो जाए तो हर एक व्यक्ति सफल हो जाता। ऐसा तो नहीं होता है। जब आप कोई काम करते हैं तो कभी सफल होते हैं और कभी असफल होते हैं। एक आलसी व्यक्ति सब छोड़कर बैठ जाता है। जब होगा, तब होगा। और जो व्यक्ति ज्वर से पीड़ित है, वह करता ही जा रहा है। वह तनाव से भरा हुआ है।

## जीवन में, सब ईश्वर की दया ही है



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक अमीर सेठ के यहाँ एक नौकर काम करता था, अमीर सेठ अपने नौकर से तो बहुत खुश था, लेकिन जब भी कोई कटु अनुभव होता तो वह भगवान को अनाप शनाप कहता और बहुत कोसता था। एक दिन वह अमीर सेठ ककड़ी खा रहा था, संयोग से वह ककड़ी कच्ची और कड़वी थी। सेठ ने वह ककड़ी अपने नौकर को दे दी। नौकर ने उसे बड़े चाव से खाया जैसे वह बहुत स्वादिष्ट हो। अमीर सेठ ने पूछाः ककड़ी तो बहुत कड़वी थी, भला तुम ऐसे कैसे खा गये? नौकर बोलाः आप मेरे मालिक है, रोज ही स्वादिष्ट भोजन देते है, अगर एक दिन कुछ बेस्वाद या कड़वा भी दे दिया तो उसे स्वीकार करने में भला क्या हर्ज है? अमीर सेठ अपनी भूल समझ गया, अगर ईश्वर ने इतनी सुख-सम्पदाएँ दी है, और कभी कोई कटु अनुदान या सामान्य मुसीबत दे भी दे तो उसकी सद्भावना पर संदेह करना ठीक नहीं। असल में यदि हम समझ सकें तो जीवन में जो कुछ भी होता है, सब ईश्वर की दया ही है। ईश्वर जो करता है अच्छे के लिए ही करता है। हम केवल जीवन में अच्छे व उजले पक्ष को ही देखते हैं। हमें सुख, आराम पसंद है, पर दुख व कष्ट के क्षण आते ही हमारा मन विचलित होने लगता है। जीवन में सुख और दुख दोनों ही पल होते हैं।

## दशहरे की तैयारी



शुक्रवार को मैसूर जिले के वीरानाहोसाहल्ली गांव में मैसूर दशहरा समारोह के लिए हाथियों को लाया जा रहा।

## आज की पाती

### संस्कृत हमारी संस्कृति की पहचान

हमारे देश की सभ्यता-संस्कृति बहुत महान है। यहां जो त्योहार और पर्व मनाए जाते हैं वो हमें अपने धर्म और संस्कृति से भी परिचय करवाते हैं और हमें इनसे जोड़े रखते हैं। वर्ष 1969 से हर वर्ष सावन में पड़ने वाली पूर्णिमा को विश्व संस्कृत दिवस भी मनाया जाता है। इस वर्ष 2023 में यह 31 अगस्त को मनाया गया। हमारे देश के, खास तौर हिंदू धर्म के ग्रंथ, वेद, मंत्र और बहुत सी कहानियां और अन्य कृतियां संस्कृत में ही लिखी गई हैं। संस्कृत सब भाषाओं की जननी है, देश की विरासत है। हमारे देश की संस्कृति का आधार है संस्कृत।

- रवि जोशी, बिलासपुर

## करंट अफेयर

# नोबेल पुरस्कार निमंत्रण नीति को पलटा गया

प्रतिष्ठित पुरस्कारों का प्रबंधन करने वाले नोबेल फाउंडेशन ने अपनी निमंत्रण नीति पलटते हुए रूस, बेलारूस और ईरान के साथ ही एक धुर-दक्षिणपंथी स्वीडिश पार्टी के नेता को भी आमंत्रित किया है, जिस पर पहले प्रतिबंध लगाया गया था।
निजी फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक विदर हेल्गेसन ने एक बयान में कहा कि एक वैश्विक प्रवृत्ति है जिसमें 'अलग विचारों वाले लोगों के बीच संवाद कम हो रहा है।' उन्होंने कहा कि इसका मुकाबला करने के लिए, 'अब हम नोबेल पुरस्कार और मुक्त विज्ञान, मुक्त संस्कृति और मुक्त, शांतिपूर्ण समाजों का महत्व समझने के लिए अपने निमंत्रण का विस्तार कर रहे हैं।'



## ऑफ बीट

# अमेरिका की योजना युद्ध के लिए रोबोट तैयार करने की

अमेरिका की रेप्लिकेटर पहल का उद्देश्य सेना की सभी शाखाओं के लिए अत्यधिक संख्या में किफायती प्रणालियों का उत्पादन करने के वास्ते रक्षा और अन्य तकनीकी कंपनियों के साथ समन्वय करना है। पिछले करीब एक दशक के आसपास विभिन्न स्तरों में स्वतंत्र संचालन के लिए सक्षम सैन्य प्रणालियाँ तेजी से सामान्य हुई हैं। लेकिन अमेरिकी घोषणा स्पष्ट करती है कि युद्ध का भविष्य बदल गया है : लड़ाके रोबोट का दौर आ गया है। विचार को हकीकत में बदलने का समय आ गया है। बीते दशक में, सैन्य उद्देश्यों के लिए उन्नत रोबोटिक प्रणालियों का खासा विकास हुआ है। इनमें से कई तो परिवर्तित वाणिज्यिक प्रौद्योगिकी पर आधारित हैं।



## ट्रेंड

### वैज्ञानिकों को बधाई

भारत ने हासिल किया एक और मुकाम। गुजरात में पहला सबसे बड़ा स्वदेशी 700 मेगावाट काकरापार परमाणु ऊर्जा संयंत्र यूनिट-3 पूरी क्षमता पर परिचालन शुरू करता है। हमारे वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### जल स्रोतों को फिर से भरें

यदि हमें भूजल की गंभीर कमी से होने वाले विनाशकारी पारिस्थितिक डोमिनोज़ प्रभाव को संबोधित करना है, तो हमें वनस्पति बढ़ाने, अपनी मिट्टी को पुनर्जीवित करने और बदले में जल स्रोतों को फिर से भरने के लिए प्रयास करने चाहिए।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु



### मिलकर लड़ें

अपने-अपने ईगो को भूल जाना है। आईएनडीआईए के मायने हैं कि हम सभी देश की रक्षा के लिए एकजुट होकर गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई हटाएं। हमारा फर्ज है कि देश की एकता, अखंडता, संविधान व लोकतंत्र की रक्षा के लिए मिलकर लड़ें।

-लालू प्रसाद यादव, राजद सुप्रीमो



### लोग हमारे काम से खुश

मुझे ख़ुशी है कि दिल्ली के लोग एमसीडी में हमारी सरकार के काम से खुश हैं। ये तो अभी शुरुआत है। अब एमसीडी में ईमानदार सरकार है। दिल्ली को साफ़और सुंदर बनाने के लिए हमने बहुत प्लान बनाये हुए हैं। एक एक करके सभी प्लान लागू करेंगे।

-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली



## संक्षेप

### मैक्स ने बाइक सवारों को मारी ठोकर

**तीन लोग गंभीर जख्मी, जिला अस्पताल रेफर**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।फखरपुर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय मार्ग गजाधरपुर के बसंता मोड़ पर कैसरगंज की तरफ से बहराइच को जा रहे बाइक सवार मस्तराम रजवंती अनीता को पीछे से गजाधरपुर के पास बसंता मोड पर पीछे सें मैक्स ठोकर मारकर मौके से फरार हो गई। ठोकर से तीनो लोग गंभीर जख्मी हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने बताया परिजनों को सूचित कर दिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। घायल कैसरगंज थाना क्षेत्र के बदरौली बाजार कुट्टी के बताए जा रहे हैं।

### अपने पुत्रों की लंबी उम्र व संपन्नता के लिए महिलाओं ने रखा हरछठ का व्रत

**विधि विधान से किया पूजन अर्चन**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।गजाधरपुर क्षेत्र में हरछठ का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान घरों में महिलाओं ने घर की दीवार पर हरछठ माता का चित्र बनाया और व्रत रखकर हरछठ माता की पूजा अर्चना की। मान्यता है, कि महिलाएं यह पूजा अपने पुत्रों की लंबी उम्र व संपन्नता के लिए रखती है जिसमे जोते गोड़े कि कोई सामग्री नही खाती, तिन्ने के चावल व केरमुवा साग खाकर व्रत रखती है और जोते गोड़े खेत मे भी नही जाती। पण्डित रोशन शास्त्री बताते है, कि ऐसे व्रत करने से उनके पुत्र पर आने वाले सभी संकट हर छठ माता हर लेती है और वह दीघार्यु होते हैं।

### अम्बेडकरनगर में 2200 सीसीटीवी कैमरे से होगी निगरानी

**शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक लगाया जाएगा कैमरा, जिला मुख्यालय को जोड़ा जाएगा प्रदेश मुख्यालय को**

अम्बेडकरनगर, अंबेडकरनगर में लोगों को सुरक्षित रखने एवं अपराधियों को पकड़ने के लिए शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक करीब 2200 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे है। कैमरे लग जाने से लोगों की गतिविधियां तीसरी आंख में कैद होगी। इन सीसीटीवी कैमरों को लगवाने के लिए पुलिस ने ग्राम प्रधानों तथा अन्य लोगों से सहयोग मांगा है। सीसीटीवी कैमरों को जिले के पुलिस मुख्यालय के साथ ही प्रदेश मुख्यालय से जोड़ा जाएगा। जिले की पुलिस ने आपरेशन दृष्टि के तहत सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के लिए बड़ा प्लान बनाया है।इसके लिए शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों, रास्तो पर जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे है। इसके तहत पुलिस ने ग्रामीण इलाकों में ग्राम प्रधानों तथा अन्य लोगो से सहयोग मांगा है।

# शिक्षक दिवस पर सम्मान पाकर अभिभूत हुए शिक्षक

**शिक्षक दिवस पर जिले के शिक्षकों का हुआ सम्मान**

**शिक्षक द्वारा दिये गये संस्कार पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों के लिए पथ प्रदर्शक: डीएम**

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। भारत रत्न, पूर्व राष्ट्रपति, दार्शनिक, विचारक एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस (शिक्षक दिवस) के अवसर पर लोकभवन सभागार लखनऊ में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के 75 एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के 19 शिक्षकों को राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों हेतु 2.09 लाख टैबलेट वितरण कार्यक्रम एवं बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों हेतु 18381 स्मार्ट क्लास व 880 आई.सी.टी. का उद्घाटन भी मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना के साथ 15 शिक्षकों व रंगोली बनाने वाली शिक्षिकाओं को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री योगी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार शिक्षा के विकास हेतु दृढ़ संकल्पित है। प्रदेश के शिक्षा के विकास के लिए अनेकों योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित कर कायाकल्प जैसी योजनाओं के माध्यम से विद्यालयों भवनों का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश सरकार नये आयाम सथापित कर रही है। विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति के विकास में गुरूजनों का अमूल्य योगदान है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी को शिक्षा दिवस की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक द्वारा बच्चों के चरित्र निर्माण के लिए किया गया प्रयास कभी भी व्यर्थ नहीं जाता है। उन्होंने कहा कि अरबो-खरबों रुपए की लागत से निर्मित होने वाली परियोजनाएं एक न एक दिन नष्ट हो जाता है परन्तु शिक्षक द्वारा दिये गये संस्कार पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों के लिए पथ प्रदर्शक बने रहते हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित हुए डीएम ने अपने शिक्षक जीवनकाल के अनुभवों को साझा करते हुए शिक्षकों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी व अन्य विभागीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# हापुड़ घटना के विरोध में अधिवक्ताओ ने जलाया पुलिस महानिदेशक व प्रमुख सचिव गृह का पुतला

**स्थानीय पुलिस रही मौजूद पर बनी रही मूक दर्शक**

**पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे भी लगाए**

अमन लेखनी समाचार/फैजान



कैसरगंज, बहराइच। जनपद बहराइच के कैसरगंज तहसील परिसर में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर मंगलवार को अधिवक्ता संघ कैसरगंज के अध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह व पूर्व अध्यक्ष गंगा धर मिश्र के नेतृत्व में अधिवक्ता संघ कैसरगंज के अधिवक्ताओ ने हापुड़ की घटना के क्रम में व बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर पुलिस महानिदेशक व प्रमुख सचिव गृह का पुतलादहन किया तथा तहसील परिसर में एकत्र होकर बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज की निंदा करते हुए धरना प्रदर्शन किया और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी भी किया। कैसरगंज बार के पूर्व अध्यक्ष गंगाधर मिश्र ने बताया कि हापुड़ मे पुलिस द्वारा लाठी चार्ज से हम सब बहुत ही आहत हुए हैं। इसलिए पुलिस प्रशासन का विरोध कर रहे है और इसी लिए प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश सहित पुलिस महानिदेशक का पुतला दहन किया गया है और जब तक हम सब को न्याय नहीं मिलेगा तब तक ऐसे ही विरोध चलता रहेगा। इस धरना प्रदर्शन मे अधिवक्ता विजय प्रताप सिंह, नारायण शर्मा, शौकत अली, बिनोद सिंह चौहान, सूर्य भान सिंह, नसीब खान, इंद्र सेन सिंह, शंभू दत्त यादव, बिनोद कुमार सिंह विसेन, जियाउद्दीन कादरी, चित्र सेन सिंह, पंकज श्रीवास्तव, राहुल वर्मा, पंकज यादव, सिराज अहमद सहित तमाम लोग शामिल हुए।

# गौरैया संरक्षक मिथिलेश जायसवाल ने जिलाधिकारी को भेंट किया गौरैया बाक्स

**राज्य पुरस्कार से सम्मानित मिथिलेश जायसवाल ने डीएम को भेंट किया गौरैया बाक्स**

**जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मिथिलेश के कार्यों को सराहा**

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। तहसील मिहीपुरवा मोतीपुर के ग्राम पंचायत गुलरा के भज्जापुरवा निवासी मिथिलेश कुमार जायसवाल दोनों पैरों से दिव्यांग है। दिव्यांगता के बावजूद मिथिलेश साहित्य लेखन प्रकृति पर्यावरण के साथ ही गौरैया संरक्षण का कार्य लम्बे समय से कर रहे हैं। मंगलवार को मिथिलेश ने कलेक्ट्रेट पहुँचकर जिलाधिकारी मोनिका रानी से मुलाकात कर गौरैया संरक्षण के लिए गौरैया बाक्स भेंट किया। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मिथिलेश जायसवाल से गौरैया के खान-पान रहन सहन तथा संरक्षण के बारे में जानकारी ली और मिथिलेश जायसवाल के कार्यों को जिलाधिकारी ने सराहा। ज्ञात हो कि मिथिलेश जायसवाल सन 2005 से गौरैया संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रहे हैं। उनके कार्यों को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इन्हें राज्य स्तरीय पुरस्कार देकर भी नवाजा जा चुका है। इसके साथ ही कई अनेक पुरस्कारों से भी इन्हें पुरस्कृत किया जा चुका है। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी सतीश पांडे, सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अमित कुमार मौजूद रहे।

# महाविद्यालय के शिक्षकों ने प्रदेश में बनायी है अपनी अलग पहचानः मेजर डॉ0एसपी सिंह

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। किसान पी.जी. कॉलेज के शिक्षकों ने प्रदेश में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। शैक्षिक गुणवत्ता के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों के कारण ही आज ये महाविद्यालय स्वायत्तशासी का दर्जा प्राप्त कर सका है। हमारे शिक्षक लगातार शैक्षिक उन्नयन के कार्य में सक्रिय रहते हैं। इसी का परिणाम है कि गुजरात की संस्था शाश्वत फाउंडेशन, अहमदाबाद द्वारा महाविद्यालय के नौ शिक्षकों को सम्मानित किया जा रहा है। यह विचार किसान पी.जी. कॉलेज की प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ. एस.पी. सिंह ने शाश्वत फाउंडेशन द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान-2023 के अवसर पर व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह थे तथा संचालन डॉ. सत्यभूषण सिंह ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. विनय सक्सेना भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ.सूर्यभान रावत, डॉ. मनोज कुमार यादव, डॉ.अंबुज मिश्र, डॉ. शिवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. उदय प्रताप सिंह डॉ.आनंद श्रीवास्तव, डॉ.सुधा शुक्ला, रीता सिंह व आकांक्षा रस्तोगी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक शिक्षक व शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजन में मध्यकालीन इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर धर्मवीर सिंह ने विशेष भूमिका निभाई।

# कंचन कान्वेंट स्कूल मे समारोह के तहत सम्मानित किये गये शिक्षक

**शिक्षक है बच्चो के भाग्य विधाता: मनीष श्रीवास्तव**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। स्थानीय कंचन कान्वेंट स्कूल में एक शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यालय के शिक्षको को उनके उत्कृष्ट योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विद्यालय प्रबंधक मनीष श्रीवास्तव ने कहा शिक्षक राष्ट्र का निमार्ता है। और उसका स्थान सर्वोपरि है। व्यक्ति के जीवन को मूल्यवान बनाने में शिक्षक अहम भूमिका निभाता है। विद्यालय की को डायरेक्टर संगीता श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन मे कहा कि हर इंसान की पहली गुरु उसकी मां होती है और उसके बाद शिक्षा ग्रहण के दौरान एक शिक्षक ही मनुष्य को सफलता की बुलंदियों पर पहुंचाता है।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर अगम स्वरूप श्रीवास्तव ने कहा कि गुरु एक बालक की बुद्धि का सृजनकर्ता है, वह जो बीज बोता है वैसा ही पेड़ बनता है। इसलिए बच्चों को अच्छे संस्कार व अच्छी शिक्षा अवश्य दे। शिक्षक सम्मान समारोह में अमित श्रीवास्तव, एसके सिंह, रंजीत सिंह मोहम्मद माजिद, प्रदीप श्रीवास्तव ,अबरार अहमद, पवन सिंह, नसीब अहमद, मालती सिंह, शीबा, प्रीति, सुधा सिंह, आयशा, वैशाली, रूबी मौर्य, सुदीप वर्मा, महेंद्र सिंह, आदि को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# मिल्कीपुर में सड़क हादसे में एक युवक की मौत

**हादसे में साली और दोस्त गंभीर रूप से घायल, प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर**

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, मिल्कीपुर में ब्रेकर से अनियंत्रित होकर गिरने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने सभी को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मिल्कीपुर के देवगांव के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के बगल से बनी सर्विस लेन पर गुलजार पुत्र जबीर अपने दोस्त शुभम पुत्र प्रकाश निवासी सेवरा थाना कोतवाली इनायत नगर अपनी साली निशा पुत्री मकसूद को लेकर अपनी ससुराल इमामगंज पल्सर मोटरसाइकिल से जा रहे थे। सर्विस लेन पर आगे ब्रेकर बना हुआ था उसी से जाकर टकरा गए। जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। बेहोशी हालत में सर्विस लेने के बगल तीनों लोग पड़े हुए थे। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण व चौकी प्रभारी देवगांव मनीष चतुर्वेदी, कांस्टेबल मनोज कुमार यादव ने मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज भिजवाया। जहां पर इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर दुर्ग विजय ने गुलजार पुत्र जबीर को देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। वहीं निशा व शुभम की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार करते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। थाना कुमारगंज पुलिस ने मृतक युवक के परिजनों को जानकारी दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचायत नामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# फिल्म अभिनेता शेखर सुमन देर शाम अयोध्या पहुंचे

**बोले;राम मंदिर 140 करोड़ भारत वासियों के भावनाओं का प्रतीक**

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, यूपी के गोरखपुर में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाते समय फिल्म अभिनेता शेखर सुमन देर शाम अयोध्या पहुंचे। जहां हनुमानगढ़ी कनक भवन के साथ राम जन्मभूमि परिसर में रामलला के दरबार में भी हाजिरी लगाई और मंदिर निर्माण के कार्य को भी देखा। मीडिया से बात करते हुए कहा कि राम मंदिर 140 करोड़ भारत वासियों के भावनाओं का प्रतीक है। उनकी एकता और हमारे अस्तित्व का प्रतीक है, जिसके लिए हजारों साल पहले जो संघर्ष किया था। आज विजय हुए हैं। आज उसे स्थान पर कदम रखते ही, ऐसा महसूस हुआ कि आज मोक्ष की प्राप्ति हो गई है। इसके लिए जो कुछ एहसास होते हैं, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। उसकी गरिमा कम हो जाती है। शेखर सुमन ने कहा कि मैं अभी उसे अवस्था में हूं, जहां सिर्फ महसूस कर रहा हूं। फिल्मी दुनिया से निकला रामायण जो एक बिखरते हुए हिंदुस्तान को फिर दुनिया से जोड़ दिया। और रामानंद सागर जी सौभाग्यशाली थे कि उनके द्वारा बनाए गए रामायण हर भारतवासी के दिल में उतर गए और जब-जब भारत में पाप बढ़ेगा या हिंदुस्तान बिखरे का तब तब राम हमें जोड़ेगा। शेखर सुमन ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट करते हुए कहा हजारों सालों से जो नहीं हो सका आज उन्हीं की वजह से पूरा हो रहा है।

वह कभी किसी भी चीज के लिए हर नहीं मानी और आगे बढ़ते रहे। जबकि उन्हें रोकने के लिए अथक प्रयास किया गया। जो लोग नहीं मानते हैं, उन्हें भी आगे चलकर एहसास होगा। वह क्या कार्य करके इतिहास रच के गए हैं। उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद हाईकोर्ट के द्वारा लिविंग रिलेशनशिप के मामले पर बॉलीवुड को लेकर टिप्पणी करने के मामले में शेखर सुमन समर्थन किया है। उन्होंने कहां की आज फिल्म और धारी बैकों में इसके लिए ही सेंसर बोर्ड का निर्माण हुआ है। इसके बारे में हमें खुद सोचना चाहिए और रोक लगनी चाहिए।

# हमीरपुर में थोक व्यापारी पर चाकुओं से हमला

**फुटकर व्यापारी ने भारी पत्थर सिर पर फेंका, हालत गंभीर, उधारी के पैसे देने को बुलाया था**

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर, हमीरपुर में एक थोक व्यापारी को फुटकर व्यापारी से उधार के पैसे मांगना भारी पड़ गया। फुटकर व्यापारी ने थोक व्यापारी को पैसे देने के बहाने सुनसान इलाके में बुलाया और उसकी गर्दन पर चाकू से वार करते हुए उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। एनएच के किनारे फेंक कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे जिला अस्पताल लेकर आई जहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया है। व्यापारी पर चाकू से हमला करने का यह मामला हमीरपुर कानपुर सीमा का है। यहां सदर कोतवाली इलाके में ब्रह्मा का डेरा का रहने वाला थोक फल व्यापारी संजू जिसका रामेडी के रहने वाले फुटकर फल विक्रेता करण पर 80 हजार रुपये उधारी का बकाया है। जिसका कई दिनों ने संजू तगादा कर रहा था। शनिवार देर रात करण ने संजू को पैसा देने के बहाने बुलाया और सजेती थाना क्षेत्र के असवारमऊ ले गया। यह कहते हुए कि वहां से पैसा मिलना है। वहीं तुम्हारा हिसाब कर देंगे। संजू के भाई प्रदीप ने बताया कि भाई करण की बातों में आकर उसके साथ चला गया। इन दोनों ने जैसे ही यमुना पुल पार किया करण ने बाइक रोक दी और चाकू निकाल कर संजू की गर्दन पर ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया। प्रदीप ने बताया कि भाई जब सड़क पर गिर पड़ा तो करण ने किसी भारी चीज से उसके सिर पर भी वार कर दिया था। जिससे उसका सिर भी फट गया है। फिलहाल हमलावर फरार है। सूचना पर पहुंची हमीरपुर और सजेती पुलिस संजू को जिला अस्पताल लेकर आई थी।

# बीडीओ संदीप कुमार तिवारी को उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला प्रशस्ति पत्र

**अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास विभाग द्वारा दिया गया प्रशस्ति पत्र**



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जनपद बहराइच के विकासखंड बलहा में तैनात खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार तिवारी को ग्राम्य विकास विभाग द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्यों हेतु प्रशस्ति पत्र दिया गया। ज्ञात हो की विकास खंड बलहा में ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं का क्रियान्वयन सुचारू रूप से होने के कारण अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर बीडीओ बलहा संदीप कुमार को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र सौंपा गया।

# हमीरपुर पुलिस ने दो-साल के बच्चे पर कर दिया केस

**मारपीट और गाली-गलौच का बनाया आरोपी, एसपी ने दिए जांच के आदेश**

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर, हमीरपुर पुलिस का अनोखा कारनामा सामने आया है। जिले की पुलिस ने एक दो साल के बच्चे के खिलाफ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस की किरकिरी होने के बाद एसपी हमीरपुर ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। बताया जा रहा है कि हमीरपुर की पुलिस ने यह कारनामा अपने एक होमगार्ड के प्रभाव में आकर अंजाम दिया है। कुरारा थाने में तैनात होमगार्ड की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने दो वर्षीय मासूम के खिलाफ मारपीट , गाली-गलौच और एससी एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कर उसे आरोपी बना दिया। पीड़ित पक्ष ने इसकी शिकायत जिले की एसपी डॉ. दीक्षा शर्मा से करते हुए मुकदमा निरस्त करने की मांग की है। जिले में कुरारा थाने के भौली गांव निवासी दयाशंकर श्रीवास ने एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि 11 अगस्त को गांव के नरेंद्र तिवारी व छोटेलाल तिवारी, विवेक तिवारी व होरीलाल तिवारी ने उसे, उसकी बहू और बच्चों के साथ मारपीट की। इसमें सभी के चोटें आई थी। पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद पुलिस ने मारपीट करने वालों के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट व एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज किया था। पीड़ित दयाशंकर श्रीवास ने पुलिस को बताया कि नरेंद्र तिवारी कुरारा थाने में होमगार्ड है। जबकि छोटेलाल हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। 11 अगस्त की रात में ही पुलिस ने होमगार्ड नरेंद्र तिवारी की पत्नी की तहरीर के आधार पर उसके तथा उसके दो वर्षीय नाती के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एसपी दीक्षा शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया वादी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। उन्होंने जांच में बच्चे का नाम हटाए जाने की बात कही है। पीड़ित दयाशंकर श्रीवास ने बताया कि छोटा पुत्र लालाराम और सुशील पुत्र दयाशंकर के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## संक्षेप

### अध्यापिका ललिता देवी को डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन सम्मान



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली के पूर्व माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका ललित देवी व नारंगपट्टी के प्राथमिक सहायक शिक्षक परमानंद मौर्य को बीते रविवार को लखनऊ के यूपी प्रेस क्लब में अच्छे काव्य पाठ के लिए सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षक सम्मान से नवाजा गया।इसके पहले अध्यापिका ललिता देवी को गीता साहित्य भारतीय, हिन्दी साहित्य एवं गौरव संस्कृति संस्था की तरफ से स्मृति चिन्ह,शहर समानता विचार मंच की तरह से उत्कृष्ट कवित्री एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जा चुका है।

### विकासखंड कौड़ीराम में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत कौडीऱाम मंडल के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री व कौडीऱाम प्रभारी लालजी यादव व जिला महामंत्री राजेश सिंह राजन के संग कौडीऱाम विकास खण्ड कार्यालय पर बीडीओ के साथ बैठ कर रणनीति बनाई गयी। बैठक मे मुख्य अतिथि ने बताया कि पार्टी द्वारा चलाए जा रहे मेरी माटी मेरा देश अभियान कार्यक्रम को सभी ग्राम सभाओं से कलश में प्रत्येक घरों से मिट्टी इकट्ठा कर ब्लाकों पर लाया जाएगा और सभी गांव में अमृत वाटिका के तहत 75 पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी विद्यालयों पर प्रधानमंत्री मोदी के संदेश का शिलान्यास पट्ट विद्यालय के दीवार पर लगाया जाएगा। वार्ड में पंच प्रण प्रतिज्ञा को सामूहिक कार्यक्रम कराया जाएगा।इन सभी कलश को दिल्ली में बन रहे विशाल अमृत वाटिका शहीद स्थल पर स्थापित किया जाएगा। इस बैठक में कौडीऱाम मण्डल अध्यक्ष अनिल दुबे, जानीपुर मण्डल अध्यक्ष राजन सिंह, मण्डल मंत्री प्रकाश पाण्डेय आदि शामिल थे।

### प्रतिबंधित मवेशी की हत्या में तीन अभियुक्तों पर हुई कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार

मलवा, फतेहपुर। जनपद के मलवां थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रशासन ने मुखबिर की सटीक सूचना पर प्रतिबंधित मवेशी की हत्या करने वालों को गिरफ्तार किया मिली जानकारी के अनुसार थाना मलवा में कार्यरत आरक्षी अवधेश कुमार को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा सूचना मिली कि ग्राम चितौरा तथा मांझूपुर गांव के समीप कुछ हत्यारों द्वारा गोकसी की जा रही है सूचना पाकर आरक्षी पुलिस बल समेत घटनास्थल पर पहुंचे जहां घटना स्थल एक धान के खेत में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोवंश की गर्दन काटकर गोकशी की गई जानकारी लेने पर मालूम हुआ कि वह खेत ग्रामीण गौरी शंकर प्रजापति का है जिसके सापेक्ष प्रशासन ने खोजबीन करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया पकड़े गए आरोपियों में अफजल झेलम उर्फ रामअवतार रैदास तथा अनुज उर्फ महरा कश्यप पर कार्यवाही करते हुए पुलिस प्रशासन ने जेल भेज दियो

## विश्वविद्यालय आपका है , आपको ही संजो के रखना है: कुलपति

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो पूनम टंडन ने शिक्षक दिवस के अवसर पर संवाद भवन में विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों से भेंट की। इस अवसर पर कुलपति ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी।प्रो टंडन ने कहा कि दो दिन से वो गोरखपुर विश्वविद्यालय में है और उन्हें यह एहसास हुआ कि वो अपने परिवार के साथ है।गोरखपुर विश्वविद्यालय में अकादमिक रूप से अत्यंत सक्षम फैकल्टी है तथा अत्यंत उत्प्रेरित विद्यार्थी है। नैक मूल्यांकन में ए प्लस प्लस प्राप्त करने के बाद विश्वविद्यालय को और आगे ले जाना है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में शिक्षकों में महिला शिक्षकों के अनुपात को बढ़ाने के लिए कार्य किया जाएगा।इस घोषणा का शिक्षकों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। कुलपति प्रो टंडन ने कहा कि शीघ्र ही विश्वविद्यालय में वन पर्सन वन पोस्ट लागू किया जाएगा।किसी भी शिक्षक के पास एक से अधिक प्रशासनिक दायित्व नहीं रहेगा, जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित न हो। कोशिश होगी सभी का सहयोग लिया जाए तथा सभी की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। शिक्षकों की प्रोन्नति कभी नही रुकेगी। साथ ही शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की तर्ज पर कैशलेश मेडिकल फैसिलिटी को शीघ्र ही लागू किया जाएगा।कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय आपका है, आपको ही इसे संजो के रखना है। स्वागत उद्बोधन कुलसचिव प्रो. अजय सिंह ने दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो दिव्या रानी सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. नंदिता सिंह ने किया।कार्यक्रम का प्रायोजक इंडियन बैंक रहा। इंडियन बैंक के वरिष्ठ प्रबन्धक श्री रंजन सिन्हा ने भी कुलपति के प्रति आभार जताया।

## बायोमेट्रिक अटेंडेंस के विरोध में पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने दिया ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर । उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ जनपद गोरखपुर के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार भारती के नेतृत्व में बायोमेट्रिक ऑनलाइन हाजिरी से मुक्त करने हेतु अपर सचिव एवं निदेशक पचायती राज के संबोधन में विकास भवन पर जिला पंचायत राज अधिकारी को ज्ञापन दिया और इस व्यवस्था का आदेश वापस लेने की मांग की। सफाई कर्मचारी संघ के कोषाअधयक्ष राम मिलन पासवान ने कहा कि अगर हमारी मांगे नही पुरी हुआ तो हड़ताल करने को मजबूर हो जायेगे जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष मोलई प्रसाद ने कहा कि हम छोटे कर्मचारी है और हम लोगों का ही उत्पीड़न होता है जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार, जिला संरक्षक दिलीप गुप्ता, प्रदेश संयुक्त मंत्री परदेसी पासवान, ने कहा कि हमारी डियूटि सुबह 7 बजे से है और हमारी नियुक्ति साक्षर पर हुआ है और अधिकतर कर्मचारी एंड्रॉयड फोन नहीं चलाते हैं एक गांव में कई मजरे होते हैं महिलाओं को भी समस्या होती है इसीलिए बायोमेट्रिक उपस्थित बंद होनी चाहिए उपस्थित रहे कार्यवाहक अध्यक्ष रामकुमार राव,गोला ब्लाक अध्यक्ष बलराम गौतम गगहा ब्लाक अध्यक्ष रामप्रकाश, महामंत्री सीमा गौतम, कोषाध्यक्ष सरोज,जंगल कौडिया ब्लाक अध्यक्ष सूर्य भान सिंह, चरगावाँ ब्लाक अध्यक्ष सुरेश प्रसाद, खजनी ब्लाक के लाल जी प्रसाद जिला उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र जिला संगठन मंत्री खोराबार ब्लाक अध्यक्ष जयगोविंद, गौड शंभू गौड, उमेश सिंह ,रामदुलारे यादव, रामसूरत यादव, अरुण कुमार कनौजिया राकेश कुमार, राजू प्रसाद, जावेद अली, ओम प्रकाश, संजय कुमार गौतम, परशुराम, जय राम, शिव कुमार, विनोद राम आशीष, सरोज देवी, राजू प्रसाद, धर्मेन्द्र कुमार,अजय कुमार, सुरेश कुमार भारती, श्यामू , राजेश पासवान चन्दन गुप्ता, सुरेन्द्र, श्रीकृष्ण, विकास, अमरदीप, सहित काफी संख्या मे सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

## शिक्षक दिवस पर बापू इंटर कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। पीपीगंज बापू इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रवि किशन सांसद गोरखपुर के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रधानाचार्य के द्वारा मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र पुष्प देकर सम्मानित किया।मुख्य अतिथि सांसद गोरखपुर के द्वारा बताया गया आज का दिन देश के पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति, विद्वान, दार्शनिक व भारत रत्न से सम्मानित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को समर्पित है। आज ही के दिन इनका जन्म 1888 में हुआ था। शिक्षक सही मायनो में विद्यार्थियों का जीवन सफल करते हैं। शिक्षक ही समाज का आधारशिला है।विशिष्ट अतिथि अमित सिंह मोनू ने कहा शिक्षक ही समाज का आधारभूत अंग है। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक कमाल जावेद प्रधानाचार्य डॉ बृजेश कुमार यादव पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य विजय शंकर यादव नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मण विश्वकर्मा ब्लॉक प्रमुख जंगल कौड़िया बृजेश यादव जगदम्बा अग्रहरि राकेश चौधरी कमलेश वर्मा गणेश मद्धेशिया शिक्षक संजय सिंह व छात्र -छात्राएं मौजूद रहे।

## प्रशासन का पुतला फूंक कर अधिवक्ताओं ने जताया आक्रोश

**तहसील परिसर में पांच सूत्रीय मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने मुख्य सचिव व डीजीपी का फूंका पुतला**

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के बिंदकी कस्बे के तहसील परिसर में मंगलवार की दोपहर 12:00 बजे अधिवक्ताओं ने हड़ताल में रहकर पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्य सचिव व डीजीपी का पुतला फूंक दिया अधिवक्ताओं ने तहसील के अंदर घूम-घूम कर नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया अधिवक्ताओं के प्रदर्शन को देखते हुए तहसील परिसर में पुलिस बल भी तैनात रहा अधिवक्ताओं ने मांग किया कि जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक हापुड़ का तबादला किया जाए अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई प्रदेश भर में अधिवक्ताओं के खिलाफ दर्ज फर्जी मुकदमों को वापस लेने की मांग की गई एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट खारिज कर पूरे प्रदेश में लागू करने की मांग की गई हापुड़ में घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा देने की मांग की गई इस मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार बाजपेई महासचिव सत्यार्थ सिंह गौतम अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा के अलावा अधिवक्ता सुशील श्रीवास्तव प्रेम बाबू सुरेश तिवारी ,लक्ष्मी शंकर यादव अधिवक्ता सईदा खान सहित सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे इस मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार बाजपेई , महासचिव सत्यार्थ सिंह गौतम ने कहा कि यह हड़ताल तब तक जारी रहेगी जब तक कि अधिवक्ता संघ की पांच सूत्रीय मांगों को सुन नहीं लिया जाएगा

## आईटीएम गीडा में शिक्षको के सम्मान में समारोह का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर मे एक्सिस बैंक के तत्वाधान मे शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों के सम्मान के लिए एक समारोह का आयोजन किया गयो इस समारोह मे सम्मानित किए जा रहे शिक्षकों ने अपने-अपने विषय में बेहतर प्रदर्शन किया है सम्मानित होने वाले शिक्षकों मे डॉ पी डी पांडा, डॉ कृष्ण कुमार, डॉ मनोज कुमार मिश्रा, डॉ निधि गुप्ता, डॉ श्वेता सिंह, डॉ अलका श्रीवास्तव, आशुतोष राव, अजय कुमार गुप्ता, आशुतोष पाण्डेय, सोमनाथ सिंह, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, ज्ञान सिंह को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गयो कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए करते हुए संस्थान की निदेशक डॉ एन के सिंह ने कहा कि इससे संस्थान में शिक्षकों के मध्य एक अच्छा संदेश जाएगो आज जिन शिक्षकों को यह सम्मान दिया जा रहा है उन सभी ने अपने क्षेत्र मे में उत्कृष्ट कार्य किया हैं और ये सम्मान अन्य सभी शिक्षकों को अपने कार्य क्षेत्र मे अच्छा करने के लिए प्रेरित करेगो इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, एक्सिस बैंक के वाईस प्रेसिडेंट पतंजलि राम त्रिपाठी, शाखा प्रबंधक विवेक चौहान सहित संस्थान के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष,शिक्षकगण एवं छात्र -छात्राएं मौजूद रहे।

## जनपद में सम्मानित हुए विशिष्ट शिक्षक

**शिक्षक दिवस के अवसर पर दर्जनों शिक्षक किए गए सम्मानित**

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर।जनपद के प्रेक्षा ग्रह में 5 सितंबर शिक्षक दिवस के उपलक्ष में जनपद के सभी विकास खण्डों से चयनित उत्कृष्ट शिक्षा को बढ़ावा देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया सम्मान समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी एवं विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आशीष मिश्रा ने मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम को गति प्रदान की जनपद के ओजस्वी बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में जनपद के सभी विकास खण्डों से तीन शिक्षक चयनित किए गए थे अन्य विकास खण्डों के साथ-साथ अमौली विकासखंड की तीन शिक्षिका क्रमशः प्राथमिक विद्यालय तारापुर की प्रधानाध्यापिका मनीषा शुक्ला कंपोजिट विद्यालय अमौली की सहायक अध्यापिका शुभा देवी प्राथमिक विद्यालय मेढापाटी की अध्यापिका शालिनी सिंह समेत जनपद के लगभग आधा सैकड़ा शिक्षकों को अंग वस्त्र भेंट कर नवाचार के साथ सम्मानित किया गया मंच पर विराजमान मुख्य अतिथि के रूप में बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी ने सभी शिक्षकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया वहीं मुख्य अतिथियों के साथ उपस्थित बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी नजरुद्दीन अंसारी डायट प्रवक्ता संजीव सिंह डाइट मेंटर राधेश्याम दीक्षित आदि सभी उच्च अधिकारियों ने ऑक्सीजन युक्त तुलसी का वृक्ष सभी शिक्षकों को प्रदान कर नवाचार किया वहीं उत्कृष्ट शिक्षा के लिए सभी शिक्षक प्रशस्ति पत्र से सम्मानित हुए कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उद्बोधन चलता रहा जिसे सभी शिक्षकों समेत उच्च अधिकारियों ने लाइव प्रसारण में दृष्टिपात किया।

## सेल्फी के चक्कर में तीन युवक नदी में गिरे, हुई मौत



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र अंतर्गत महेशरा रेलवे पुल पर सेल्फी लेते वक्त तीन युवक ताल में गिर कर डूब गए सूचना पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज अवस्थी क्षेत्राधिकार कैंपियरगंज थाना प्रभारी चिलुआताल संजय कुमार मिश्रा स्थानीय गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम के मदद से सर्च ऑपरेशन के बाद एक युवक को सकुशल नदी से बाहर निकाल लिया और नदी में डूबे दो युवकों कि काफी तलाश के बाद लास बरामद हुई।

## समस्याओं को लेकर पंचायत सहायकों का प्रदर्शन सौपा ज्ञापन



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत क्षेत्र के सहजनवा,पिपरौली,पाली के पँचायत सहायकों ने अपनी समस्याओं को लेकर तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। तथा एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी सहजनवा को सौपा।ब्लाक सहजनवा संघ के अध्यक्ष अश्वनी कुमार ने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे जो कृषि विभाग का कार्य है।उसकी जिम्मेदारी पँचायत सहायकों को सौंपी जा रही है।जो जॉब कार्ड के विपरीत है। पंचायती राज निदेशालय द्वारा 20 फरवरी 2023 को जारी आदेश में निर्देश दिया गया है कि इनसे जॉब कार्ड के अनुसार ही कार्य कराया जाय। मांग है कि पँचायत सहायकों से सचिवालय के अलावा कोई अन्य जिम्मेदारी न सौंपी जाय। इस दौरान नीरज,शिवेंद्र, आदित्य,बृजेश,पपीन्द्र, अभिषेक,शशि,सोनी,संजय,मनीष, ओंकार,विनय,प्रियंका,सोनू,नीरज,अनेक पँचायत सहायक मौजूद थे।

## खुर्जा में कबड्डी और खोखो का आयोजन

**लक्ष्मी चंद सरस्वती विद्या मंदिर में चार दिन तक चलेंगे खेल, छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये**

अमन लेखनी समाचार




खुर्जा, खुर्जा के जंक्शन रोड स्थित लक्ष्मी चंद सरस्वती विद्या मंदिर में अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबंधित विद्या भारती पश्चिम उत्तर प्रदेश द्वारा 35 में क्षेत्रीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस दौरान खुर्जा विधायक मीनाक्षी सिंह ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। खेल चार दिन तक चलेंगे। खुरजा के जंक्शन रोड स्थित श्रीमती सावित्री देवी लक्ष्मी चंद्र सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल जंक्शन रोड खुर्जा में 1 सितंबर से 4 सितंबर तक चलने वाली विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध विद्या भारती पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र द्वारा आयोजित 35वीं क्षेत्रीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता ( बालिका वर्ग ) का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक मीनाक्षी सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। उन्होंने विधिवत रूप से कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बाहर से आए हुए सभी प्रतिभागी बहिनों को शपथ दिलाई। उन्हें पूर्ण ईमानदारी के साथ खेलते हुए विजयी होने का शुभाशीष प्रदान किया। कार्यक्रम के उद्घाटन में विद्यालय के भैया बहनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। आमंत्रित अतिथिगण का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान धर्मवीर सिंह द्वारा कराया गया। सह-क्षेत्र खेलकूद प्रमुख पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र श्रीमान रविंद्र मोहन शर्मा द्वारा विद्या भारती का परिचय एवं वृत्त निवेदन प्रस्तुत किया गया ।कार्यक्रम के दौरान श्रीमान मनवीर सिंह, अध्यक्ष विद्या भारती पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र, जयप्रकाश अग्रवाल अध्यक्ष,अजय कुमार गर्ग प्रबंधक तथा समिति एवं नगर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।

## आक्रोशित अधिवक्ताओं ने प्रमुख सचिव व डीजीपी का फूंका पुतला




अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवा गोरखपुर-हापुड़ में पुलिस कर्मियों द्वारा अधिवक्ताओं पर किये गये बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज में शासन व प्रशासन द्वारा दोषियों पर कार्रवाई न किये के विरोध में सहजनवा तहसील बार एसोशिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधाकर त्रिपाठी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने प्रमुख सचिव व डीजीपी का तहसील मुख्यालय में पुतला फूंक कर विरोध किया। और शासन को चेतावनी दिया कि जब तक दोषियों पर शासन व प्रशासन कार्रवाई नही करता है तो आगे भी आंदोलन जारी रहेगा। और मांग किया कि घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा दिया जाय। अधिवक्ताओं को सुरक्षा प्रदान किया जाय। इस दौरान ज्ञानेंद्र यादव,अभिषेक मणि त्रिपाठी,अभिनाश सिंह,रंगनाथ पांडेय,भूपेश त्रिपाठी,केके त्रिपाठी,अजीत मिश्र,गिरजेश,जेपी गुप्ता,रामकेश सिंह,अजय शुक्ल,शनि शुक्ल मौजूद थे।

## बुलंदशहर में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**ग्रुप ए में वर्षा सिंह तो बी में प्राची शर्मा, सी में दीपक ठाकुर को मिला पहला पुरस्कार**

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बुलंदशहर में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विशेष आयोजन में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के दिव्य लीला की अनूठी छाया दिखाई दी। इस प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम जालखेड़ा की सांस्कृतिक समिति एकलव्य द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय हाई स्कूल, जालखेड़ा में किया गया और प्राचार्य डॉ. मधुलिका ने इसके सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कक्षा 3 से 7 तक के छात्रों के ग्रुप ए में वर्षा सिंह, मयंक कुमार और वैष्णवी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8 से 10 तक के ग्रुप बी में पहले स्थान पर प्राची शर्मा, दूसरे स्थान पर कुमारी भारती तथा तीसरे स्थान पर कुमारी तुलसी रहीं। कक्षा 11 से स्नातक तक के ग्रुप सी में दीपक ठाकुर ने पहला, रवीना ठाकुर ने दूसरा तथा हिमांशु शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस चित्रकला प्रतियोगिता में विजेताओं ने अपनी कला और सृजनात्मकता की महान उदाहरण प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक धरोहर के प्रति अपना समर्पण दिखाया। इस आयोजन के सफल होने की व्यवस्थाओं में एकलव्य संस्था के प्रमुख कोआर्डिनेटर हेमंत सिंह, अमित ठाकुर और रजत ठाकुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्थानीय युवाओं को सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जागरूक किया और उन्हें अपनी रचनात्मकता का प्लेटफॉर्म प्रदान किया।

## संक्षेप

### खनिज विभाग की टीम ने अवैध खनन पर की छापेमार कार्यवाही

**तीन पौकलेंड मशीनों व एक ट्रक को किया गया सीज**

अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झाँसी। खनिज विभाग व तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने वैध निजी भूमि पट्टे के नाम पर अबैध रूप से किये जा रहे खनन पर बड़ी कार्यवाही करते हुए खनन में लिप्त तीन पौकलैंड मशीनों व एक ट्रक को सीज कर दिया ।जानकारी के अनुसार गरौठा तहसील अंतर्गत ग्राम खरवांच में एक निजी भूमि का पट्टा स्वीकृत किया गया था। लेकिन वहां वैध पट्टे की आड़ में अवैध तरीके से दूसरी जगह से बालू का खनन किया जा रहा था ।लगातार मिल रही शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए सोमवार की रात्रि खनिज विभाग की टीम सहित उपजिलाधिकारी व तहसीलदार गरौठा ने छापेमार कार्यवाही करते हुए मौके पर मौजूद तीन पौकेलेंड मशीनों व एक ट्रक को सीज कर दिया। वही टीम सर्वेयर द्वारा ककरवई थाना में निजी भूमि पट्टाधारक के साथ- साथ कुछ अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ खनिज अधिनियम की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

### रात घर में काम कर रहे युवक को सांप ने काटा, हालत गंभीर

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गडरिया पुरवा गांव के एक घर में काम कर रहे युवक को सांप ने काट लिया। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। स्वजन उसे बेहोशी की हालत में सी एच सी ले गए। जहां पर मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड में मरीज का इलाज चल रहा है। डाक्टरों का कहना है कि अभी मरीज की हालत स्थिर है। लगातार दवाई दी जा रही हैं। बांगरमऊ थाना क्षेत्र के गडरियन पुरवा के रहने वाले विकास पुत्र छेद्दू 28 वर्ष मजदूरी का काम करते हैं। रोज की तरह वो मजदूरी कर घर लौटा था और देर रात लगभग 9:00 बजे हैंड पंप पर पानी भरने के लिए गया था। जहा पर सांप ने उसे काट लिया।

### बाल रोग विशेषज्ञ पद पर डॉ. पीयूष प्रताप सिंह का चयन

सुल्तानपुर।मुहल्ला ओमनगर के निवासी आर० डी० सिंह ( सेवानिवृत ग्रामीण बैंक प्रबंधक ) के पुत्र डॉ० पीयूष प्रताप सिंह का चयन बाल रोग विशेषज्ञ के तौर पर मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर में हुआ है ।इन्होंने कानपुर व पुणे से डॉक्टरी की पढ़ाई की तत्पश्चात दिल्ली के हिंदूराव हॉस्पिटल में बाल रोग विशेषज्ञ के तौर पर अपनी सेवाएं दी है।ये मूल रूप से हनुमानगंज भपटा के रहने वाले है। आर० डी ० सिंह के बड़े पुत्र ऊ८.र.ढ. के पद पर लखनऊ में तैनात है ।अपने चयन का श्रेय पीयूष ने अपने माता पिता को दिया है। चयन की खबर से क्षेत्रवासियों ने भी हर्ष व्यक्त किया है ।पीयूष ने बताया की उनका लक्ष्य गरीब और असहाय व्यक्तियों की सेवा की प्राथमिकता का होगा।

# शिक्षक दिवस के अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान

**राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का अहम योगदान: डॉ० संदीप**

अमन लेखनी समाचार



झांसी। हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है इस दिन महान विद्वान, लेखक और शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन का जन्म हुआ था जो भारत के पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति रहे हैं। शिक्षक दिवस के अवसर साकेत सदन ग्राम भिटौरा, (बंगरा) में उ० प्र० सेवा निवृत प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद झांसी के तत्वावधान में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झांसी के प्रतिष्ठित समाजसेवी संघर्ष सेवा समिति अध्यक्ष डॉ० संदीप सरावगी का कार्यक्रम आयोजक, संरक्षक प्रांतीय सदस्य उ०प्र० सेवा निवृत प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद, लखनऊ शंभूदयाल यादव, लखन लाल सक्सेना जिलाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष आशाराम रायकवार, महामंत्री गुलाब चंद्र तिवारी ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों व पदाधिकारियों ने मां सरस्वती एवं सर्वपल्ली डॉ० राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इसके पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।जहां कार्यक्रम में बच्चियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में शिक्षक दिवस के अवसर पर सर्वपल्ली डॉ० राधाकृष्णन के राष्ट्रहित में उनके योगदान को स्मरण किया गया।इसके पश्चात 31 मार्च 2023 को सेवा निवृत्त शिक्षकों को डॉ० संदीप सरावगी ने शॉल, श्रीफल एवं समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉक्टर संदीप सरावगी ने कहा कि त्याग, तपस्या, साधना, संकल्प, सिद्धांत और आचरण की इस पावन भूमि पर गुरु-शिष्य संबंधों की महान परंपरा रही है।हम विश्वामित्र-वशिष्ठ के बिना मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की, संदीपनी मुनि के बिना श्रीकृष्ण की, द्रोण के बिना अर्जुन की, परशुराम के बिना कर्ण की, चाणक्य के बिना चंद्रगुप्त की और परमहंस रामकृष्ण के बिना स्वामी विवेकानंद की कल्पना नहीं कर सकते हैं।प्राचीन काल से लेकर आज तक अनेकों ऐसे शिक्षक-प्रशिक्षक रहे जिन्होंने स्वयं को कठिनाइयों में रखकर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण किया।जिन्होंने विद्यार्थियों की प्रसन्नता में अपनी प्रसन्नता, उनकी सफलता में अपने जीवन की सफलता एवं सार्थकता खोजी है। आज भी निजी विद्यालयों-महाविद्यालयों के ऐसे अनेकों शिक्षक होंगे, जिनके पास साधनों-संसाधनों का अभाव हो मगर वे अपने कर्तव्यों के निर्वहन में कोई कमी नहीं रखते है राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका है क्योंकि छात्रों का भविष्य उन्हीं के हाथ में है।एक राष्ट्र में वयस्कों की तुलना में कहीं अधिक बच्चे शामिल होते हैं।बच्चे भविष्य हैं और शिक्षक ही हैं उन्हें सर्वोत्तम शिक्षा, ज्ञान, अनुभव और संसाधनों के साथ, शिक्षक एक-एक ईंट जोड़कर राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करते हैं।इस अवसर पर उ०प्र० सेवा निवृत्त शिक्षक कल्याण परिषद ( लखनऊ ) से प्रदेश अध्यक्ष, गुलाबचंद तिवारी, शंभू दयाल प्रांतीय सदस्य/संरक्षक, रामलखन भार्गव संरक्षक, झांसी मंडल, लखन लाल सक्सेना जिलाध्यक्ष, दशरथ रजक जिलामंत्री, आशाराम रायकवार कोषाध्यक्ष, लाल दीवान यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं संघर्ष सेवा समिति से जिलाध्यक्ष अजय राय, बसंत गुप्ता, सुशांत गेंडा, संदीप नामदेव, शैलेंद्र राय ( बबीना ), त्रिलोक कटारिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यदेव सिंह प्रदेश अध्यक्ष ने की। मंच का संचालन दशरथ रजक (जिला महामंत्री ) एवं आभार लखन लाल सक्सेना (जिलाध्यक्ष) ने व्यक्त किया।

# मनाया गया शिक्षक दिवस



अमन लेखनी समाचार

मुसाफिरखाना, अमेठी।मंगलवार को शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पूरे ताज स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में बच्चों द्वारा महान शिक्षाविद भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया ।इस दौरान बच्चों द्वारा स्कूल परिसर में विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए जिसमे सभी गुरुजनों ने उसका अध्ययन किया ।बच्चों ने सभी गुरुजनों को तरह तरह के उपहार भी भेंट किये। प्रबंधक इरसाद हुसैन ने बच्चों को गुरु के महत्व को बताते हुए कहा गुरु उस दीपक के समान है जो स्वयं जलकर भी रोशनी प्रदान करता है। शिक्षकों द्वारा प्रदान की गई शिक्षा बच्चों को अच्छे संस्कार और उनके भविष्य निर्माण के लिए अच्छे प्रेरक होते है ।इस मौके पर प्रधानाचार्य अफरोज अहमद, एहेतशाम, अवधेश, शहरयार, इरफान, उमाशंकर, अब्बुल हसन, विजय सहित आदि रहे।

### फांसी के फंदे पर झूलती मिली नव युवक की लाश

जगदीशपुर ,अमेठी। गांव के बगल स्थित पेड में झूलती नवयुवक की लाश देख कर भारी संख्या मे ग्रामीण इकट्ठा हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कचनांव गांव के बगल पेड में संदिग्ध परिस्थितियों में एक नवयुवक की लाश रस्सी के सहारे झूलती मिली जिसे देखने के लिए भारी संख्या में आसपास के लोग इकट्ठा हो गए घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस नें लाश को उतार कर परिजनों से पूंछतांछ करने पर मृतक का नाम साधूराम उम्र लगभग 32 वर्ष बताया ।पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया ।इस संबंध में पुलिस ने बताया कि परिजनों के अनुसार मृतक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई नानपारा चीनी मिल के सामान्य निकाय की बैठक

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में श्रावस्ती किसान सहकारी चीनी मिल लिमिटेड नानपारा के सामान्य निकाय की बैठक चीनी मिल परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में सचिव एवं प्रधान प्रबन्धक यमुनाधर चौहान द्वारा बिन्दु वार ऐजेण्डा प्रस्तुत करते हुए बताया कि आदर्श उप विधियों को अंगीकार किये जाने से चीनी मिल व गन्ना किसानों को काफी लाभ होगा, उन्होंने बताया कि मिल द्वारा अब तक गन्ना मूल्य का भुगतान डीबीटी के माध्यम से हो रहा है।उन्होंने बताया कि आगामी पेराई सत्र से गन्ना कृषकों को सभी प्रकार का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा, चीनी मिल को समावेशी बनाए जाने हेतु नवाचार को अपनाया जा रहा है। चीनी मिल द्वारा गत वर्ष 22 क्रय केन्द्रों के माध्यम से 32 लाख कुंतल गन्ना की खरीद की गई थी, इस वर्ष 22 क्रय केन्द्रों के माध्यम से 40 लाख कुंतल गन्ना क्रय का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। संचालन मण्डल के पूर्व निदेशक योगेश प्रताप सिंह बैजू भईया ने आदर्श उप विधियों के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। चीनी मिल संचालक मण्डल बैठक के दौरान गत बैठक 28 जुलाई 2021 की कार्यवाही की पुष्टि, शासन के निदेर्शों के क्रम में आदर्श उप विधियों को अंगीकार किये जाने, पेराई सत्र 2023-24 हेतु बाह्य क्रय केन्द्रों को सुरक्षित कराये जाने, सत्र 2022-23 पर बनाये गए सदस्यों के अनुमोदन पर विचार-विमर्श के साथ-साथ पेराई सत्र वर्ष 2023-24 हेतु चीनी मिल समिति संघ द्वारा स्वीकृत बजट का अनुमोदन पर विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक के अन्त में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि गन्ना किसानों व चीनी मिल के हित को दृष्टिगत रखते हुए चीनी को नवीन तकनीक के साथ संचालित करना होगा। गन्ना विकास व सहकारिता के क्षेत्र में नवीन तकनीकों को अपना कर मिल व कृषकों का आर्थिक उत्थान किया जा सकता है। संचालक मण्डल द्वारा उठायी गयी समस्याओं के सन्दर्भ में डीएम ने कहा कि जायज समस्याओं को समयबद्धता के साथ निदान कराया जायेगा, बैठक के अन्त में जिला गन्ना अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ल ने आभार ज्ञापित किया।इस अवसर पर प्रगतिशील गन्ना कृषक घनश्याम सिंह, शिव शंकर सिंह, ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या अन्य किसान, चीनी मिल के अधिकारी मौजूद रहे।

# कृषकों के प्रक्षेत्र, रेशम फार्म कल्पीपारा का कराया भ्रमण

अमन लेखनी समाचार

बहराइच ।आचार्य नरेंद्र देव कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, बहराइच पर कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 21 दिवसीय माली प्रशिक्षण के प्रतिभागियों को कृषि विज्ञान केन्द्र, नानपारा, बहराइच, राजकीय उद्यान पार्क रिसिया, प्रगतिशील कृषकों के प्रक्षेत्र, रेशम फार्म कल्पीपारा का भ्रमण कराया गया।यह भ्रमण केन्द्र केंद्र के वरि वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष की अगुआई में किया गया। भ्रमण दल को डॉ पी सिंह द्वार दल को सभी स्थानो पर ले कर गए। स्वर्ण जयंती पार्क में उद्यान विभाग के खुशीराम द्वारा विभिन्न प्रकार की पौधों की कटिंग, बडिंग, शोभाकारी एवं हाईटेक नर्सरी के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ प्रतिभागियों को अद्यतन तकनीकियों से अवगत कराया गया तथा बागवानी से आच्छादित प्रक्षेत्रों का अवलोकन कराया गया। कृषि विज्ञान केंद्र, नानपारा पर डॉ अरुण कुमार ने प्रक्षेत्र पर उगाई विभिन्न फसलों प्रजातियों के बारे एवं मदर आचार्ड की विस्तृत जानकारी दी। श्रावस्ती कृषि विज्ञान केंद्र के कार्य क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक आरिफ सिद्दीकी ने जरबेरा की खेती के बारे में विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी दी।रेशम फार्म, कल्पीपारा के सहायक निदेशक डॉ एम के सिंह ने रेशम उत्पादन के विभिन्न पहलुओं के बारे में एवं प्रयोग के बारे में बताया। मक्का फसल अनुसंधान केंद्र, बहराइच के प्रभारी अधिकारी डॉ महेंद्र सिंह ने मक्का की विभिन्न प्रजातियां एवं उनके उत्पादन तकनीक के बारे में जानकारी दी साथ ही साथ मौसम वेधशाला का अवलोकन कराया। भ्रमण के दौरान निधि, आराधना, जिया हुलक, दिनेश, अमरीश, संजीव, महेश, विनोद, अजय कुमार आदि रहे।

# सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाओं में सम्मानित हुए शिक्षक

**नन्हे से हाथों द्वारा सम्मान पाकर गुरुजनों का हृदय हुआ प्रफुल्लित**

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर। भारत के राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन द्वारा दी गई प्रेरणा के अनुसार समूचे देश समेत प्रदेश तथा जनपदों में जगह-जगह शिक्षक दिवस 5 सितंबर की एक निर्धारित तिथि को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है शिक्षक दिवस के तहत जनपद के सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों में बच्चों ने अपने गुरुजनों का सम्मान करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया जनपद के बिंदकी तहसील अंतर्गत देवमई विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर में बच्चों ने विद्यालय की शिक्षिका कल्पना गौतम समेत प्रधानाध्यापिका का सम्मान करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया विद्यालय पहुंचे बच्चों ने स्लोगन पोस्टर बैनर समेत पेन डायरी इत्यादि उपहार सामग्री से गुरुजनों का सम्मान किया इसी प्रकार अमौली विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय देवरी बुजुर्ग में प्रधानाध्यापक संतोष गुप्ता डॉ प्रशांत पांडे शशिकिरण अवस्थी विवेक मिश्रा अंबा प्रसाद आदि सभी शिक्षकों को बच्चों ने उपहार देकर सम्मानित किया वहीं कंपोजिट विद्यालय रुसिया में प्रधानाध्यापक कमल किशोर सहायक अध्यापिका शिप्रा सिंह रामकुमार आदि सभी शिक्षक नन्हे मुन्ने हाथों से पुरस्कृत हुए शिक्षक दिवस पर्व में विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय कापिल में प्रधानाध्यापिका प्रतिभा देवी कुलखेड़ा में शिक्षक उमेश त्रिवेदी बंबुरिहापुर में शिक्षक कुलदीप तिवारी प्राथमिक विद्यालय अमौली (लाली स्कूल) में कीर्ति पालीवाल बाबूपुर में प्रधानाध्यापक सर्वेश अवस्थी समेत अन्य विद्यालय जैसे पनेरूवा पपरेंदा बुढ़वा आदि शिक्षण संस्थाओं में बच्चों ने उपहार देकर अपने शिक्षकों को सम्मानित किया वहीं शिक्षकों ने भी उपहार स्वीकार करते हुए छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए शुभ आशीर्वाद प्रदान किया

### नन्ही कली उपहार देने चली

जनपद के सरकारी संस्थाओं के साथ-साथ गैर सरकारी संस्थान भी शिक्षक दिवस के पावन पर्व में दुल्हन से सजे दिखाई दिए जनपद के अमौली विकासखंड में संचालित एलपीडी पब्लिक स्कूल में अध्ययन कर रही नवनिहाल छात्रा आद्या त्रिवेदी ने अपने नन्हे नन्हे हाथों से विद्यालय के प्रबंधक प्रधानाचार्य एवं शिक्षक गणों को सम्मानित किया नन्हे से हाथों की थिरकती हुई उंगलियां से निकला उपहार पाकर शिक्षक गण गदगद हो उठे मिली जानकारी के अनुसार कस्बे निवासी आरती त्रिवेदी एवं शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी की सुपुत्री आद्या त्रिवेदी ने इससे पहले भी विद्यालय में अपनी भाषण प्रतियोगिता अंग्रेजी माध्यम भाषण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों समेत शिक्षा जगत में विद्यालय अंतर्गत उच्च स्थान प्राप्त कर चुकी है इसके साथ-साथ कस्बे के अन्य गैर सरकारी संस्थान ज्ञान भारती इंटर कॉलेज गफूर एजुकेशन सेंटर समेत अन्य विद्यालयों में भी 5 सितंबर शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

# बालू से भरे ट्रक निकलने से ग्रामीणों में आक्रोश

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव



गरौठा, झांसी। घनी आबादी से बालू के ट्रक निकलने से ग्राम बासिओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। मंगलवार को बड़ी संख्या में लोग ट्रक निकलने वाले रास्ते पर एकत्रित हो गये। ककरवई ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने घनी आबादी के मध्य से निकल रहे बालू भरे ट्रकों को बन्द करवाये जाने की मांग उठाई गई। ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया कि उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल सहित उपजिलाधिकारी गरौठा को दो बार शिकायती प्रार्थना पत्र दिया की ग्राम पंचायत के मध्य से निकलने वाले ट्रकों से रास्ते में रहने वाले परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बालू से भरे ट्रकों से उड़ने वाली धूल की वजह से वह लोग ढंग से खाना तक नहीं खा पा रहे हैं। हाल ही में बनवाई गई सीसी सड़क भी टूट गई है। किसी भी अनहोनी से बचने के लिए बच्चों को पूरे दिन मकानों के अन्दर रखना पड़ता है। आए दिन जानवर कुचलकर मर रहे हैं। ग्राम प्रधान द्वारा यह भी चेतावनी दी की यदि प्रशासन ओवरलोड वाहनों की निकासी वन्द नहीं करता तो सभी ग्रामबासी ठेकेदारों के विरोध में अनशन पर बैठेंगे। ग्राम वासियों ने जिलाधिकारी झांसी का इस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए ट्रकों की निकासी सीधी बंद कराए जाने की मांग की है। मांग करने वालों में प्रमुख रूप से प्रधान राजेंद्र तिवारी, दीपक तिवारी, लक्ष्मी नारायन, अरविंद कुमार खंगार, भजन पांचाल, अजुद्दी अहिरवार, सुरेन्द्र कुमार अहिरवार, भगोले, हरि ओमअहिरवार, महेश आर्य, गोलू शिवहरे, सुखलाल बर्मा, भूपेंद्र, हरिराम ,राजेश, राहुल, मनोज,गोविन्द सिंह, रिंकू यादव, अमित अहिरवार, राजेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हैं।

# मुडभेड़ में इनामिया वांछित अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

**अभियुक्त के पास अवैध तमंचा जिंदा तथा खोखा कारतूस हुए बरामद**

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के कुशल निर्देशन पर पुलिस प्रशासन जगह-जगह अपराधियों पर नियंत्रण करने के लिए मुस्तैद दिखाई दे रही है इसी क्रम में अभियान को आगे बढ़ाते हुए जनपद के राधा नगर थाना पुलिस प्रशासन द्वारा एक सराहनीय कार्य किया गया विगत दिवस सोमवार रात्रि में लगभग 10:15 बजे मुखबिर की सटीक सूचना पर थाना क्षेत्र के जखनी अंडरपास बहद ग्राम जखनी के समीप एक अभियुक्त राहुल पासवान पुत्र राम मनोहर पासवान को गिरफ्तार किया गया मिली जानकारी के अनुसार अभियुक्त 25 000 रुपए का इनामी बदमाश था 30 वर्षीय अभियुक्त राहुल पासवान को गिरफ्तार करते हुए पुलिस प्रशासन ने बताया कि आरोपी के खिलाफ इससे पहले भी दर्जनों मुकदमे पंजीकृत हैं तलाशी लेने पर अभियुक्त के पास 315 बोर का एक अवैध तमंचा दो जिंदा कारतूस तथा 315 बोर के खोखा कारतूस बरामद हुए प्रशासन ने तत्काल धारा 307, 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को जेल भेज दिया इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी निरीक्षक राज किशोर उप निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव मुख्य आरक्षी विजेंद्र रत्नाकर आरक्षी संदीप यादव अंगद यादव अविनेश कुमार मंजीत सोनकर राहुल यादव अभिषेक कुमार आदि का सराहनीय कदम रहा जनपद के पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी सदर ने पुलिस प्रशासन थाना राधानगर को इस प्रशंसनीय कार्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी

# शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को किया सम्मानित एवं दी बधाई

**लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया सजीव प्रसारण**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। आज शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा लोकभवन लखनऊ में आयोजित राज्य अध्यापक पुरस्कार एवं मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में दिखाया गया, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, उपजिलाधिकारी गौरीगंज अभिनव कनौजिया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप तिवारी सहित अन्य शिक्षक एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थिति रहे।सजीव प्रसारण के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले 26 शिक्षकों क्रमशः पवन कुमार वर्मा, रेनू श्रीवास्तव, डॉ श्वेता सिंह, राकेश कुमार मौर्य, जान्ह्वी गुप्ता, गिरीश पांडे, साधना तिवारी, नीलम तिवारी, सुरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, जितेंद्र कुमार, अनीता आर्या, काली सहाय, बाबूराम, नरोत्तम तिवारी, सरिता चौहान, प्रवेश सिंह, जीशान अंसारी, अशोक कुमार, विजय कुमार गौर, तहसीन कौसर, ममता सिंह, राजेश कुमार, हेमराज पाल, धर्मराज, दिलीप कुमार व दिनेश कुमार तिवारी एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की दो वार्डन संजू शुक्ला व अंजू सिंह को शील्ड, प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया एवं उन्हें शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई दी।

# डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की भव्य रंगोली बनाकर मनाया गया शिक्षक दिवस




अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव

गरौठा, झाँसी। ब्लॉक गुरसरांय में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय राजापुर कम्पोजिट में नवाचारी शिक्षक मोहनलाल सुमन ने विद्यालय के बच्चों के साथ डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर भव्य रंगोली के रंगों से पेंटिंग बनाई एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं बच्चों ने शिक्षक दिवस मनाया।इस अवसर पर समस्त बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया। विद्यालय के बच्चों ने विद्यालय के समस्त शिक्षकों को उपहार के रूप में कलम भेंट की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कुंजबिहारी शर्मा एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



मिसाल

प्रस्तुति : सोनम लववंशी

शिक्षक सिर्फ वही नहीं होते, जो स्कूल-कॉलेजों या विश्वविद्यालयों में अध्यापन करते हैं। शिक्षक वे भी होते हैं, जो अपने आस-पास के कमजोर वर्गों को अपनी सामर्थ्यानुसार शिक्षित-प्रशिक्षित कर स्वावलंबी बनाते हैं, उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करते हैं। साथ ही देश-समाज के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। देश में जगह-जगह शिक्षिका के रूप में सक्रिय ऐसी कुछ महिलाओं का एक परिचय। ये हैं तो आम महिलाएं लेकिन शिक्षा के प्रति समर्पित इनका जीवन हम सब के लिए प्रेरणाप्रद है।

# शिक्षा की अलख जलाकर बना रही हैं स्वावलंबी



## डॉ. सुकमा आचार्य, हरियाणा
### गुरुकुल शिक्षा पद्धति की संवाहक

**आज हमारे** देश में नैतिक और सामाजिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है। इसके पीछे की वजह कहीं न कहीं हमारी शिक्षा व्यवस्था और गुरुकुल परंपरा का समाप्त होना है, लेकिन हमारे देश-समाज में कुछ ऐसे लोग हैं, जो अपने मूल्यों को बनाए रखना चाहते हैं। डॉ.सुकमा आचार्य इन्हीं लोगों में से हैं। वह हरियाणा के झज्जर जिले के आकपुर गांव की हैं। डॉ.सुकमा ने अपना संपूर्ण जीवन आर्य समाज की शिक्षा के प्रचार-प्रसार में समर्पित कर दिया है। वह गुरुकुल शिक्षा पद्धति से समाज को जागरूक करने का कार्य कर रही हैं। डॉ.सुकमा का मानना है, 'वैदिक संस्कृति ही राष्ट्र को सही दिशा दे सकती है।' उनके इस कार्य के लिए उन्हें 'पद्मश्री सम्मान' से सम्मानित भी किया जा चुका है। डॉ. सुकमा ने अपने जीवन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति के प्रचार, गुरुकुल पद्धति की प्राचीन परंपरा के प्रसार, नारी उत्थान व यज्ञीय जीवन के आदर्श को समाज में स्थापित करना बनाया है। डॉ. सुकमा चालीस वर्षों से भी अधिक समय से गुरुकुल पद्धति से जुड़ी हुई हैं। वे अपने गुरुओं की प्रेरणा से निरंतर गुरुकुल को आगे बढ़ा रही हैं।





## राजकुमारी देवी, बिहार
### महिलाओं को प्रशिक्षित कर बना रही हैं स्वावलंबी

**बिहार के** मुजफ्फरपुर जिले की राजकुमारी देवी को लोग 'किसान चाची' के नाम से भी जानते हैं। आज महिलाओं के लिए वह प्रेरणास्रोत हैं। वह अपने क्षेत्र की महिलाओं को कुछ इस तरह प्रशिक्षित कर रही हैं कि वे कुछ पैसे कमाकर स्वावलंबी बनें। किसान चाची एक ग्रामीण महिला हैं, वह घर का काम संभालने के साथ-साथ अपने पति के साथ खेत-खलिहान में सहयोग भी देती हैं। किसान चाची न सिर्फ अपने खेत में उगी सब्जियों से अचार, जैम, चिप्स बनाकर देशभर में बेच रही हैं बल्कि अपने गांव की महिलाओं को भी इसकी ट्रेनिंग देकर स्वावलंबी बना रही हैं। किसान चाची के इस सराहनीय काम के लिए भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया है।



## डॉ. बलमीत कौर, उत्तर प्रदेश
### मूक-बधिर बच्चों के जीवन में भरे इंद्रधनुषी रंग

**उत्तर प्रदेश** के बहराइच जिले की रहने वाली डॉ. बलमीत कौर मानवीय मूल्यों और संवेदनाओं की प्रतिमूर्ति हैं। उन्होंने मूक-बधिर बच्चों के जीवन में शिक्षा के माध्यम से इंद्रधनुषीय रंग भरे हैं। डॉ. बलमीत ने मूक-बधिर बच्चों को पढ़ाने-लिखाने का जिम्मा उठाया है। वह अपने पिता द्वारा बसाए 'बाबा सुंदर शिक्षा समिति' के जरिए सैकड़ों मूक-बधिर और मानसिक रूप से निशक्त बच्चों को शिक्षित कर चुकी हैं। अपने इस निस्वार्थ समाज-सेवा से उनकी अपने शहर और प्रदेश में एक पहचान है।





## अयोध्या कुमारी गौड़, राजस्थान
### 85 साल की उम्र में चला रही हैं शिक्षा ग्रहण अभियान

**व्यक्ति किसी** भी उम्र में कोई बड़ा काम करने का जिम्मा उठा सकता है। इसमें उम्र कोई बाधा नहीं बनती। राजस्थान के जोधपुर की शिक्षिका अयोध्या कुमारी गौड़ इसका उदाहरण हैं। अयोध्या कुमारी ने स्वयं 15 वर्ष की उम्र तक स्कूल का मुंह नहीं देखा। वह अक्षर ज्ञान से भी अनभिज्ञ थीं, लेकिन अपनी मां के निधन के बाद अयोध्या कुमारी ने 18 वर्ष की उम्र में पढ़ाई आरंभ की। बाद में समय ने ऐसी करवट ली कि आज वह 85 साल की उम्र में भी बच्चों को शिक्षा देने की जिम्मेदारी उठा रही हैं। अयोध्या कुमारी एक ऐसा स्कूल संचालित करती हैं, जिसमें बड़ी उम्र की महिलाएं शिक्षा ग्रहण करती हैं। साथ ही वह छोटी-छोटी बस्तियों में जाकर लोगों से अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करती हैं। अपने इस शिक्षा ग्रहण अभियान के लिए अयोध्या कुमारी कई बड़ी संस्थाओं से सम्मानित हो चुकी हैं।



## नीलिमा श्याम, छत्तीसगढ़
### गांव-समाज को साक्षर-सशक्त बनाने की मुहिम

**जब एक** स्त्री शिक्षित होती है तो वह परिवार ही नहीं, पूरे समाज को शिक्षित करती है। इसकी जीती-जागती मिसाल हैं छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के डौंडी ब्लॉक की आदिवासी युवती नीलिमा श्याम। किसान परिवार की नीलिमा ने 'एक कदम गांव की ओर, गांव को सशक्त बनाने और गांव बचाने की मुहिम' की शुरुआत की है। यह मुहिम आधुनिकता के दौर में गांव की परंपराओं, संस्कृति को बचाने के साथ जल, जंगल और जमीन से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता फैला रही है। नीलिमा को आज के समय छत्तीसगढ़ की सावित्रीबाई फुले कहा जाता है, क्योंकि वह अभावों में रहकर भी पहली से लेकर आठवीं तक के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दे रही हैं। नीलिमा ने कोरोना काल में, जब शिक्षण संस्थान बंद हो गए थे, तब न सिर्फ शिक्षण का अनूठा तरीका निकाला। स्वयं के पैसों से, गांव की दीवारों पर अंकगणित, हिंदी, अंग्रेजी की जानकारी लिखवाई। जिससे बच्चे खेल-खेल में शिक्षित हो सकें। नीलिमा केवल स्कूली बच्चों को ही नहीं बल्कि गांव के आस-पास के युवाओं-युवतियों को जागरूक कर स्वरोजगार के लिए प्रेरित करती हैं, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें। नीलिमा महिलाओं का समूह बनाकर, समाज सेवा कर रही हैं। उनके समूह का नाम 'वीरांगना लया समूह' है। नीलिमा का उद्देश्य है, अपने समूह के माध्यम से शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य, रोजगार और सरकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचाना, ताकि गांव का विकास हो।

विचारणीय / अंजू जैन

# समझें शिक्षकों की महत्ता करें उनका सम्मान

यह सही है कि समाज में आज शिक्षकों को वैसा सम्मान नहीं मिलता, जिसके वे हकदार हैं। इसके पीछे कई गलत धारणाएं जिम्मेदार हैं। ऐसे में जरूरी है कि हम सब उनकी महत्ता को समझें और उन्हें अपेक्षित सम्मान दें।



उस दिन मैं किसी काम से पड़ोस के एक स्कूल गई थी। वहां मेरी परिचित शिक्षिका स्नेहा से मुलाकात हो गई। आमतौर पर हंसमुख रहने वाली स्नेहा को देखकर मुझे लगा कि वे भीतर से उदास हैं। जब मैंने उनसे उदासी की वजह पूछी तो उनकी आंखें डबडबा गईं। उन्होंने बताया कि उनका 7 वर्षीय बेटा अनय बीमार है लेकिन स्कूल में फर्स्ट टर्म एग्जाम होने वाले हैं, इसलिए कोर्स पूरा करवाने के लिए वे छुट्टी नहीं ले पा रही हैं। कुछ बच्चों के पैरेंट्स उनके पड़ोसी हैं, लेकिन कोई उनकी हेल्प करने नहीं आया, जबकि स्नेहा उनके बच्चों को कई बार घर पर भी विषय समझाने के लिए बुला लेती हैं। केवल स्नेहा ही नहीं बेशुमार शिक्षक-शिक्षिकाएं मानसिक तनाव, कार्य का दबाव और पैरेंट्स की उपेक्षा का सामना करते हैं। ऐसे में उनकी महत्ता को समझना और उन्हें सम्मान देना आवश्यक है।

**जीवन के लिए आवश्यक ज्ञान:** दुनिया के सबसे पवित्र और महत्वपूर्ण रिश्तों में से एक है, शिक्षक और शिष्य का रिश्ता। पौराणिक ग्रंथों में कहा गया है, 'गुरु बिना ज्ञान ना होय।' कहने की जरूरत नहीं कि बिना ज्ञान के जिंदगी कोरे कागज से ज्यादा कुछ नहीं। सिर्फ पैसे कमाने के लिए ही नहीं, समाज में प्रतिष्ठा पाने, लोगों से अच्छे संबंध बनाने और यहां तक कि स्वस्थ और सुखी जीवन के लिए भी ज्ञान परम आवश्यक तत्व है। ज्ञान का अर्थ व्यापक है, यह सिर्फ अक्षर ज्ञान या विषयों तक सीमित नहीं है। सही व्यवहार, अच्छे-बुरे, शुभ-अशुभ और सही-गलत में अंतर करना भी ज्ञान के माध्यम से ही संभव है, जो शिक्षक ही देता है।

**शिक्षकों का सम्मान है जरूरी :** यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि समाज को दिशा देने वाले शिक्षकों को आज के युग में वह सम्मान नहीं मिल पा रहा, जो पुराने दौर में मिलता था। आज के समय में शिक्षक किस तरह की कठिनाइयों से गुजरते हैं, इस पर प्रायः किसी का ध्यान नहीं जाता। जरा सोचकर देखिए, क्या आज के बच्चे या उनके मां-बाप शिक्षकों के साथ वैसा ही सम्मानजनक व्यवहार करते हैं, जैसा पहले किया जाता था?

**समझें उनकी परेशानियां :** क्या हम कभी शिक्षकों को होने वाली परेशानियों के बारे में जानने की कोशिश करते हैं? शिक्षकों को किस प्रकार लगातार कई पीरियड्स में बोलना पड़ता है? क्लास में हर तरह के विद्यार्थियों का ध्यान रखते हुए विषय को समझाने के लिए कितना परिश्रम करना पड़ता है? लगातार सक्रिय और दबाव में रहने से उनका दिमाग कितना थक जाता है? कोई महिला शिक्षक मेंस्ट्रूअल पीरियड के दौर से गुजर रही है तो उसकी मानसिक और शारीरिक स्थिति कैसी होती होगी? इसके अलावा कोई बच्चा शैतानी या अनुशासनहीनता करे तो टीचर का स्ट्रेस लेवल कैसा होता होगा, इसकी केवल कल्पना ही कर सकते हैं।

**शिक्षकों से सहानुभूति रखें :** एग्जाम टाइम में छात्रों के प्रति सब की सहानुभूति होती है। लेकिन क्या शिक्षकों के स्ट्रेस लेवल के बारे में कोई सोचता है? अगर उनकी क्लास के बच्चे अच्छा परफॉर्म नहीं करते हैं तो उनकी विश्वसनीयता और कार्यक्षमता पर भी प्रश्नचिन्ह लग जाता है। ऐसे में पैरेंट्स का फर्ज है कि उनके प्रति सहानुभूति रखें। वे अपने बच्चों को शिक्षकों का सम्मान करना भी सिखाएं। जितनी उम्मीद वे एक शिक्षक से पढ़ाने की ईमानदारी की करते हैं, पढ़ने में छात्र भी उतनी ही ईमानदारी बरतें। निश्चित ही इससे शिक्षकों को नैतिक बल मिलेगा और वे अपनी भूमिका और अच्छी तरह निभा पाएंगे।

बदलती उम्र के अनुसार शरीर को अलग तरह के पोषण की जरूरत होती है। इसलिए हर उम्र की महिलाओं के लिए एक ही तरह की डाइट सुटेबल नहीं होती है। अलग-अलग उम्र की महिलाओं के लिए कैसी डाइट होनी चाहिए, इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

# एज के अकॉर्डिंग करें अपनी डाइट प्लानिंग



डाइट सजेशन
डॉ. शीला सहरावत
डाइटीशियन

उम्र बढ़ने के साथ महिलाओं के शरीर में आंतरिक और बाहरी बदलाव होते रहते हैं। इसलिए उम्र के प्रत्येक पड़ाव में उन्हें अलग-अलग तरह के डाइट की जरूरत होती है। इससे ही उन्हें अपनी उम्र के मुताबिक सही न्यूट्रिशन मिल सकता है।

## टीनएज में डाइट

टीनएज ग्रुप की लड़कियों का शारीरिक विकास तेजी से होता है। इस एज में शरीर के बदलाव के साथ-साथ हार्मोनल बदलाव भी होते हैं। इसलिए इस एज की लड़कियों को अपनी डाइट में मछली, एवोकाडो, नट्स और ऑलिव ऑयल जैसे हेल्दी फैट को जरूर शामिल करना चाहिए। इस एज में मेंस्ट्रुअल साइकिल की भी शुरुआत होती है, जिसके कारण उनमें हीमोग्लोबिन और आयरन की कमी हो सकती है। उसके लिए उनकी डाइट में आयरन युक्त फूड्स जरूर होने चाहिए। इस एज की लड़कियों को प्रोसेस्ड शुगर, सैचुरेटेड और ट्रांस-फैट वाले जंक फूड्स खाने से बचना चाहिए।

## 20 से 30 की एज में डाइट

20 से 30 साल की युवतियों को स्टडीज, करियर, जॉब, परिवार और शादी जैसी कई बातों की टेंशन होती है। इन टेंशंस की वजह से अकसर वे अपनी डाइट पर ध्यान नहीं दे पाती हैं, जिसके कारण शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। इस एज की युवतियों को अपनी डाइट में कैल्शियम, प्रोटीन, आयरन और फोलेट रिच फूड्स को शामिल करना चाहिए। कैल्शियम, बोंस को स्ट्रॉन्ग और ब्रेन सेल्स को एक्टिव रखने में हेल्पफुल होता है। आयरन से बॉडी में मेटाबॉलिज्म को सपोर्ट मिलता है। इसके अलावा उन्हें अपनी डाइट में मीट, अंडा, बींस, दही, दूध, दाल, मूंगफली और पालक भी शामिल करना चाहिए।



## 30 से 40 की एज में डाइट

30-40 उम्र की महिलाओं में बॉडी मास घटने लगता है और मेटाबॉलिज्म भी स्लो हो जाता है। इस एज की महिलाओं को ब्लड प्रेशर और शुगर को मेंटेन करने की जरूरत होती है। ऐसे में उनको अपनी डाइट में कैलोरी इनटेक पर खास ध्यान देना चाहिए। इसके साथ ही आपको अपनी डाइट में बादाम, काजू, दूध, दही और पालक शामिल करना चाहिए। इससे आपको भरपूर एनर्जी मिलेगी।

## 40 से 50 की एज में डाइट

40 वर्ष के बाद महिलाओं की डाइजेशन पावर और बोंस वीक होने लगती हैं। ऐसे में आपकी बॉडी को सही न्यूट्रिशन मिलना चाहिए। इसके लिए आपको अपनी डाइट में कैल्शियम और विटामिन युक्त फूड्स जैसे पत्तेदार सब्जियां, मछली और दूध शामिल कर सकती हैं।




## ओल्ड एज में डाइट

50 की उम्र के बाद महिलाओं में एनर्जी और इम्यूनिटी कम होने लगती है। मेनोपॉज के बाद बोंस वीक होने लगती हैं। इस एज की महिलाओं को प्रोटीनयुक्त डाइट लेनी चाहिए। इस एज में कब्ज की समस्या होना कॉमन है, इसलिए उन्हें अपनी डाइट में फाइबर और स्टार्च अधिक लेना चाहिए। इसके अलावा उन्हें अपनी डाइट में विटामिन डी, विटामिन बी12 और मिनरल्स वाले फूड्स शामिल करने चाहिए। इससे कब्ज की प्रॉब्लम नहीं होगी, बोंस वीक नहीं होंगी और जरूरी एनर्जी भी मिलेगी।

प्रस्तुति : ललिता गोयल

## टीनएज से ओल्ड एज तक रखें ध्यान

- साबुत अनाज और दालों को डाइट में शामिल करें, क्योंकि इनसे ऊर्जा मिलती है। ये फाइबर और विटामिन बी के बेहतरीन स्रोत होते हैं।
- मौसमी फलों और सब्जियों का भरपूर मात्रा में सेवन करें क्योंकि इनमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स इम्यूनिटी बढ़ाने और फाइबर कब्ज को दूर करने में मदद करते हैं।
- कम फैट वाले दूध और उससे बने प्रोडक्ट्स को डाइट में शामिल करें। ये प्रोटीन और कैल्शियम के बेस्ट सोर्स होते हैं, जिनसे बोंस और मसल्स मजबूत रहती हैं।
- नॉनवेज का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए, क्योंकि इनमें फैट की मात्रा अधिक होती है।
- शुगर रिच फूड्स से परहेज करें क्योंकि इनमें कैलोरी की मात्रा अधिक होती है।
- ड्राई फ्रूट्स का सेवन यूजफुल है लेकिन इन्हें सीमित मात्रा में ही खाएं। इनमें कैलोरी की मात्रा अधिक होती है, जिससे फैट बढ़ता है।
- ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं ताकि बॉडी हाइड्रेटेड रहे और कब्ज की परेशनी ना हो।



लघुकथा / शिखर चंद जैन

# यादगार जन्मदिन



यह सुखद संयोग ही था। दीपिका का जन्मदिन जन्माष्टमी के दिन ही पड़ गया। इस बात का पता लगते ही उसकी सहेली मीरा ने सलाह दी, 'क्यों न इस बार तुम अपना जन्मदिन कुछ अलग तरीके से मनाओ!'

'कैसे?' दीपिका ने उत्सुकता से पूछा।

मीरा बोली, 'घर में नॉर्मल केक की बजाय उस दिन राधाकृष्णजी के मंदिर में मिल्क केक काटो। वहां बूंदी, नारियल की बर्फी, कलाकंद जैसी मिठाइयों का भोग लगाकर भक्तों में बांट दो। इस सब में दस-बारह हजार रुपए लगेंगे, लेकिन जन्मदिन यादगार बन जाएगा।'

दीपिका को मीरा का सुझाव पसंद आया। उसने जन्माष्टमी से एक दिन पहले ही एटीएम से रुपए निकाल लिए। मिठाई की दुकान पर ऑर्डर देने ही वाली थी कि उसकी कुलीग सुष्मिता का फोन आ गया। सुष्मिता ने पूछा, 'यार, तेरे पास दस हजार रुपए हैं क्या, सैलरी मिलते ही लौटा दूंगी।'

दीपिका ने पूछा, 'तुझे अचानक पैसों की क्या जरूरत आ पड़ी?'

सुष्मिता ने बताया, 'मेरे घर के बगल में एक अनाथालय है। जन्माष्टमी पर संस्था संचालक बच्चों को नए कपड़े और उपहार देने के साथ मिठाइयां भी खिलाना चाहते हैं, लेकिन कुछ पैसे कम पड़ रहे हैं। विश्वसनीय संस्था है, इसलिए मैं उन्हें दस हजार रुपए देना चाहती हूं। लेकिन मंथ का एंड चल रहा है तो थोड़ी..'

दीपिका ने पल भर कुछ सोचा और बोली, 'ठीक है, कल शाम को राधाकृष्ण मंदिर में मिलते हैं, वहीं पैसे ले लेना।'

इसके बाद दीपिका ने मिठाई और केक का ऑर्डर नहीं दिया, मन ही मन कुछ निश्चय किया। अगले दिन शाम को उसने प्रसाद खरीदा और मंदिर की तरफ चल दी। उसकी कुलीग सुष्मिता भी आ गई। दीपिका ने भगवान के सामने दीप प्रज्ज्वलित किया, अगरबत्ती जलाई और फूलमाला पहनाकर प्रसाद अर्पित किया। फिर सुष्मिता से बोली, 'आज मेरा जन्मदिन है। तुझे मुझसे उधार लेने की जरूरत नहीं है। मैं तेरे साथ चलती हूं। जन्माष्टमी और मेरे जन्मदिन के उपलक्ष्य में दस हजार रुपए मैं अनाथालय के बच्चों के लिए उपहार में दूंगी।'

सुष्मिता ने दीपिका को गले लगाते हुए कहा, 'हैप्पी बर्थ-डे दीपिका! तेरा यह बर्थ-डे हमेशा याद रहेगा।'

# भारत नेपाल सीमा बसा अंतिम ग्राम भरथापुर के विस्थापन को लेकर मिशन मोड में आई जिलाधिकारी मोनिका रानी

भारत नेपाल सीमा पर बसा देश का अंतिम ग्राम भरथापुर आज भी अपनी भौगोलिक परिस्थितियों के कारण मूल भूत सुबिधाओ से पूरी तरह विकसित नही हो सका है ।दो दो पहाड़ी नदियों सहित घने जंगलों के बीच बसा इस ग्राम में पहुंचने के लिए पुल सड़क तक नही है ।ग्रामीणों को जंगली जानवरों का तांडव आए दिन देखने को मिलता है ।यहां के ग्रामीण अपनी कड़ी मेहनत व संघर्ष से किसी तरह अपना आशियाना बनाते है पड़ोसी देश से जंगली हाथियों का झुंड पल भर में तहस नहस कर चला जाता है। भरथापुर के दोनो ओर नदी और दोनो तरह घने जंगल में बाघ, चीता, तेंदुआ जंगली जानवरों का प्रवास है जो आए दिन ग्रामीणों को अपना निशाना बनाते है ।इनके हमले से आए दिन जन हानि की घटना घटती रहती है।